हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

पूज्य संत श्री आशारामजी बापू
द्वारा प्रेरित एक विश्वव्यापी प्रकल्प

मातृ-पितृ
पूजन दिवस

14 फरवरी
सच्चा प्रेम दिवस



वेलेंटाइन डे से होनेवाली युवक-युवतियों की तबाही को रोकने के लिए मैंने मातृ-पितृ पूजन दिवस चलाया परंतु इतना काफी नहीं है, शिक्षा, साहित्य एवं प्रचार-प्रसार के माध्यमों द्वारा और भी व्यापक संयम की महिमा का प्रचार करो।
– पूज्य संत श्री आशारामजी बापू

क्योंकि प्रेम तो पवित्र होता है...

प्रतिवर्ष २०० देशों में करोड़ों माता-पिताओं का हो रहा पूजन। हजारों स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों में पिछले २० सालों से मनाया जा रहा है यह पर्व।

अनैतिकता के दुष्परिणाम

- पाश्चात्य देशों में ज़्यादा खुलेपन का दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। वहाँ के लोग भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

क्या हम चाहते हैं कि भारत की भी ऐसी दुर्दशा हो ? कदापि नहीं। तो आइये १४ फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनायें। सभी १४ फरवरी को अपने माता-पिता की पूजा, परिक्रमा करके पूजन का एक फोटो/सेल्फी इस क्यूआर कोड पर अपलोड करें और विश्वमांगल्य में सहभागी बनें।



mppdselfie

पूजन-विधि देखें :

सम्पर्क : (079) 61210749/50
balsanskarkendra.org, ashram.org

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर सहित राज्य की 4 केंद्रीय जेलों को मिला आईएसओ प्रमाणन




**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं जेल विभाग के प्रभारी विजय शर्मा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ की केंद्रीय जेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में केन्द्रीय जेल बिलासपुर सहित रायपुर, दुर्ग एवं अम्बिकापुर को आईएसओ 9001 रुपए 2015 प्रमाणन प्रदान किया गया है। प्रमाण पत्र जारीकर्ता संस्था द्वारा 11 फरवरी को केन्द्रीय जेल रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अम्बिकापुर के जेल अधीक्षकों को औपचारिक रूप से प्रदान किए गए। आईएसओ प्रमाणन की इस प्रक्रिया में केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री, केन्द्रीय जेल बिलासपुर के जेल अधीक्षक खोमेश मण्डावी, केन्द्रीय जेल दुर्ग के जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर तथा अक्षय सिंह राजपूत सहित चारों केंद्रीय जेलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर बिलासपुर के जेल अधीक्षक ख़ोमेश मंडावी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जेल प्रशासन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो छत्तीसगढ़ को सुधारात्मक प्रशासन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी।

### रोजगार मेले के पहले दिन 200 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र



**बिलासपुर।** राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मॉडल आईटीआई कोनी में 12 एवं 13 फरवरी को दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इसमें पहले ही दिन 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मेले में 26 निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संभाग आयुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने नियोक्ता कंपनियों से चर्चा की। इस अवसर पर प्रतीक स्वरूप कुछ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। आईटीआई के संयुक्त संचालक एके सोनी को कंपनियों के साथ एमओयू करने के निर्देश भी दिए। संभाग आयुक्त ने आईटीआई प्रबंधन को निर्देश दिए कि नए प्रचलित रोजगारमूलक ट्रेड शुरू करे। मेले में आज 23 नियोक्ता कंपनियां मौजूद रहीं। 13 फरवरी को 4 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया होगी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के गोद ग्राम चिचिरदा में जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे, ग्राम पंचायत सरपंच प्रमोद सूर्यवंशी की अनुमति से सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य ग्राम विकास, स्वच्छता, जनजागरूकता तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य यू. के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एल. के. गवेल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का दल ग्राम चिचिरदा के लिए रवाना हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह में यू. के श्रीवास्तव, सुशील चौरसिया, ग्राम सरपंच प्रमोद सूर्यवंशी , देवानंद कौशिक एवं पंच जनों का स्वागत सत्कार किया गया। शिविर की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सात दिवसीय इस विशेष शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, साक्षरता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण संबंधी परिचर्चा तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वयंसेवक ग्रामवासियों के साथ मिलकर श्रमदान कर स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण का संकल्प लेंगे। प्राचार्य यू. के. श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है।

### आनंद मार्ग जागृति शिवघाट सरकंडा में नीलकंठ दिवस मनाया गया



**बिलासपुर।** आज आनंद मार्ग जागृति शिवघाट, सरकंडा में नीलकंठ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्थानीय सदस्यो ने सामूहिक भजन, कीर्तन एवं साधना किया। संभागीय सचिव आचार्य चितप्रभानंद अवधुत ने साधकों को बताया कि 12 फरवरी 1973 के दिन बाँकीपुर केंद्रीय जेल में जेल प्रशासन के डॉक्टर द्वारा आनन्द मार्ग के पर्वतक प्रभात रंजन सरकार उर्फ़ श्री श्री आनंदमूर्ति को जान से मारने के उद्धेश्य से दवाई के रूप में विष दिया गया था। लेकिन उनको कुछ नहीं हुआ और भगवान शिव के माफिक विषपान करने के बाद भी जीवित रह गए। शिव का नाम नीलकंठ पड़ गया। इसलिए जब इनको भी कुछ नहीं हुआ तो 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया । तब से प्रति वर्ष पुरे विश्व में जन नीलकंठ दिवस मनाया जाता है। यह घोर मिथ्या, अधर्म और कुशीत सरकारी षडयंत्रकारी उत्पीड़न पर धर्म और आध्यात्मिक दृढ़ता की विजय है। इस दिन नारायण सेवा, निशुल्क चिकित्सा शिविर, प्रसाद वितरण व कपड़ा वितरण इत्यादि कई कार्य का आयोजन किया जाता है। आज यहाँ भी साधको के द्वारा संस्था द्वारा संचालित विद्यालय देव नगर कोनी में विद्यार्थिओं को लड्डू वितरण किया गया।

**रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए शुरु की स्पेशल ट्रेनें** | **यात्रा को आसान बनाने अभी से बुकिंग करा सकते हैं यात्री**

# होली से पहले बढ़ गई मुम्बई और दिल्ली की ट्रेनों में भीड़

**बिलासपुर।** होली का पर्व मनाने के लिए दिल्ली और मुम्बई की ओर जाने वाली सामान्य एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण नो रूम की स्थिति बन गई है। वहीं यात्रियों की सुविधा और उन्हें कंफर्म बर्थ देने के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरु कर दिया है, जिसमें यात्री अभी से अपनी बुकिंग कर सकते हैं।

प्रतिवर्ष होली पर्व के पहले यात्रियों की भीड़ फरवरी माह से शुरु हो जाती है। यात्री छुट्टियों के साथ नव वर्ष मनाने के लिए परिवार के साथ बाहर आना-जाना करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर एसी कोच में वेटिंग अधिक होने के कारण नो रूम की स्थिति बन जाती है। इसकी वजह से तत्काल में भी यात्रियों को कंफर्म टिकिट मिलनी मुश्किल होती है। रेल प्रशासन होली पर्व के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेन की सुविधा देती है। इन स्पेशल ट्रेन के बजाय ज्यादातर यात्री सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में ही सफर करना अधिक पसंद करते हैं। इसी तरह का स्थिति इस वर्ष भी हो गई है।

### दुर्ग-निजामुद्दीन दो फेरे के लिए

दुर्ग–निजामुद्दीन–दुर्ग के मध्य दो-दो फेरों के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को दो फेरे चलेगी। गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली फेस्टिवल स्पेशल निजामुद्दीन से 2 एवं 3 मार्च को 2 फेरे के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली स्पेशल दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर दोपहर 13.20 बजे, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट, मथुरा, 11.10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली स्पेशल निजामुद्दीन से 12.30 बजे रवाना होकर 18.20 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

### बिलासपुर से चर्लपल्ली दो फेरा

गाड़ी संख्या 08263/08264 बिलासपुर–चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का 1 फेरे के लिए परिचालन करेगी। यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी एवं चर्लपल्ली से 28 फरवरी को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 स्लीपर, 3 एसी-थ्री, एक एसी-टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर–चर्लपल्ली स्पेशल बिलासपुर से 8.15 बजे रवाना होकर भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बलहारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, काजीपेट जंक्शन होते हुए 23.50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08264 चर्लपल्ली–बिलासपुर स्पेशल चर्लपल्ली से 5 बजे रवाना होकर 22.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

बिलासपुर से हावड़ा के बजाय मुम्बई, पुणे, जयपुर और दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच के साथ ही एसी थ्री, इकोनामी और एसी टू में यात्रियों ने डेढ़ माह पहले से बुकिंग करना शुरु कर दिया है। विशेषकर दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग से जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर के बीच प्रति मंगलवार और बुधवार को चलने वाली एक्सप्रेस, रायगढ़ से निजामुद्दीन जाने वाली गोंड़वाना एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस के अलावा हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई की ओर जाने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, हावड़ा-सीएसएमटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, हावड़ा-सांई नगर शिरडी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के स्लीपर में वेटिंग की स्थिति ने शतक का और एसी थ्री से लेकर एसी टू में वेटिंग का आंकड़ा 50 से 70 के बीच हो गया है। गाड़ी संख्या 08863/08864 गोंदिया से छपरा और छपरा से गोंदिया के बीच स्पेशल एक फेरे के लिए और 08865/08866 गोंदिया-छपरा-गोंदिया एक फेरे के लिए चलाई जाएगी। 08863 गोंदिया-छपरा स्पेशल एक मार्च को गोंदिया से रवाना होकर डोंगरगढ़, भाटापारा होते हुए उसलापुर 23.41 बजे पहुंचकर 2 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी। इसी तरह 3 मार्च को 4.45 बजे छपरा से रवाना होकर उसलापुर सुबह 6.08 बजे होते हुए 11 बजे गोंदिया पहुंच जाएगी। इसी तरह 08865 गोंदिया-छपरा 2 मार्च को गोंदिया से रवाना होकर 3 मार्च की देर रात 00.45 बजे छपरा पहुंचेगी।

**'ताल 2.0' का दूसरा दिन बना सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक**

# संस्कृति और शिक्षा का समन्वय ही करता है श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएमडी महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'ताल 2.0' के दूसरे दिन 12 फरवरी को सांस्कृतिक उल्लास, अनुशासन और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि द्वय एयू के कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेई तथा बिलासपुर संभाग के कमिश्नर सुनील जैन थे। साथ ही प्रशासकीय समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, प्रशासकीय समिति सदस्य अमन दुबे, प्राचार्या डॉ. अंजलि चतुर्वेदी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय सिंह एवं श्रद्धा दुबे ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर ध्रुव ने प्राचार्य रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल पियुष कांती, प्राचार्य बंगाली स्कूल निवेदिता सरकार, प्राचार्य ड्रीमलैंड स्कूल सरकंडा सुधीर मुलकवार, प्राचार्य शासकीय आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, आदित्य कटारे उपप्राचार्य सेठ जेवियर्स, व्यापार विहार प्रीति चौहान तथा गायत्री तिवारी, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल को सम्मानित किया गया। अन्य अतिथियों में जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) महेंद्र गंगोत्री, अर्पित केशरवानी, अभयनारायण राय, महेश दुबे (टाटा), रंजीत सिंह उपस्थित रहे। प्रशासकीय समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का समावेश ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। कार्यक्रम को अमन दुबे ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि प्रो. ए.डी.एन. वाजपेई ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सतत प्रक्रिया है। विशिष्ट अतिथि सुनील जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमें में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी, गरबा, पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी नृत्य, एकल एवं समूह नृत्य, गीत, नाट्य प्रस्तुति सहित विविध कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा। मंच संचालन डॉ. समेला चटर्जी एवं अमनदीप, प्रियंका एवं साकेत खरे ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंजलि चतुर्वेदी, राजकुमार पांडा, अंकिता तिवारी, गुलाब पाठक, नीलू कश्यप, भारती विश्वकर्मा, तृप्ति पटेल, प्रशांत गुप्ता, सोनिल मिश्रा, मोनिका दत्ता, सुश्री संगीता ताम्रकार, अनीता दुबे आदि का सहयोग रहा।

**इन्होंने दी प्रस्तुतिः** कार्यक्रम में देविका दास, प्रिया, मुस्कान, प्रेम चंद्र, नीलम चंद्रवंशी, हर्षिता, प्रियंका, कावेरी, पुष्पा, सुमन, दीपिका, पवन, मंजू, रुपेश, झकांक्षी, प्रिंसी, अभिषेक, टिकेश्वर, पूजा, राज, रितिका, पायल, कल्पना, रचना, मनीष, वंदना, सपना, अनुष्का, प्रीति, सागर, निखिल, पारस, नंदकिशोर, आदित्य, दृष्टांत, निलेश, ध्रुव, रमाकांत, सूरज, अर्पिता, स्वामी, किरण, श्रेया, सतीश, सत्यवती, गरिमा, पारुल, अंजलि साहू, तनिष्का, आकांक्षा, सोनाली, अरुण पटेल, कपिल, रिया कौशिक, दिनेश, समीक्षा ठाकुर, तिलहरण, आशीष, पुष्पराज, उदित, समीर, अनुप्रिया, वर्षा, रितिका, अनुपम, रोशन, करिश्मा, अंजलि, सुभाष, झरना, आयुष, विजयलक्ष्मी, जसवंत, मोना, अभिषेक, तमन्ना, तृप्ति, साक्षी, भूमिका, राधिका, सरस्वती, द्रौपदी, शमिता, शुभ्रा सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# आईएपी की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, शिवहरे अध्यक्ष



**बिलासपुर।** आईएपी (इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ) देश का 50000 से ज्यादा डॉक्टरों का सगठन है। बिलासपुर में शिशु रोग विशेषज्ञों के संगठन की स्थापना सन 1991 में की गई थी जो अनवरत चलती जा रही है। इस वर्ष 11 फरवरी को होटल कोर्टयार्ड ऑफ मेरियट में आईएपी की नई कार्यकारिणी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। डॉ राजीव शिवहरे द्वारा अध्यक्ष पद, डॉ नूपुर सिन्हा सचिव एवं डॉ घनश्याम गंगवानी कोषाध्यक्ष की शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पीआर चौधरी ने की। डॉ. मधुश्री देश पाण्डेय ने शपथ ग्रहण कराया। आईएपी के अध्यक्ष ने बताया कि यह संगठन बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और मजबूतियों से निभाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ निति एवं सरकार की बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर आधरित प्राथमिकताओं के अनुरूप की बनाई जाएगी। इनमें मुख्ययातः बच्चों की टीकाकरण सुद्रढ करना सेप्टिसीमिया न्यूमोनिया डेंगू टाइफाइड जैसे जटिल रोगो से होने वाली शिशु मृत्युदर को कम करना होगा। उन्होंने बताया कि मासिक बैठक में पब्लिक अवेयरनेस के लिए डिस्कशन एवं गाइडलाइन के संदर्भ में टिटनेस वैक्सीन के मिसयूस एवं साइड इफेक्ट पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि हर बार चोट लगने पर हमें टिटनेस का टीका लगाने से पहले कुछ जानकारी होना बहुत आवश्यक है।

# पेनलेस इलाज को प्राथमिकता: डॉ. प्रणय

**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर।** पेनलेस और टेंशनलेस ट्रीटमेंट की आधुनिक सुविधाओं से इलाज करना हमारी प्राथमिकता है। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रणय महासेठ ने बताया कि हमारे दांतों में ज्यादा कैविटीश एवं अन्य डेंटल समस्याएं होने के कुछ कारण हम हमेशा बात करते हैं, जैसे कि सही तरीके से दांतों की सफाई न करना, रात में ब्रश किए बिना सो जाना, ज्यादा मीठे एवं चिपकने वाले भोज्य पदार्थों का सेवन करना।

समय-समय पर दांतों का चेकअप न करवाना। पर इन 19 वर्षों में डॉ. प्रणय एवं डॉ. प्रियंका के अनुभव में एक महत्वपूर्ण कारण जो और पाया गया है कि पेंशेंट को दर्द का अनुभव एवं इलाज का भय जो कि दाँतों के इलाज के दौरान होता है। जिस कारण दाँतों की समस्याओं को नजरअंदाज कर उन्हें काफी बढ़ा लेते हैं। जब भयरहित और दर्द रहित अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा इलाज किया जाता है तब यह जानकर मरीज आगे भी अपना दांतों का इलाज कराने में लापरवाही नहीं करते हैं। उन्होंने बताया कि आज छोटे बच्चों के दाँतों की परेशानी में ज्यादा सामने आ रही है पर माता पिता को यह डर रहता है कि बच्चा इलाज नहीं करवा सकेगा और कुछ ऐसा मानते हैं कि दूध के दाँत को अभी थोड़े समय के लिए ही है , परंतु तकलीफ ज्यादा होने पर बच्चे को घर पर ही दाँतों के दर्द की दवाई दे दी जाती है।

# एसआईआर बनाम मतदाता सूची से वोटरों का नाम उड़ाओ

**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम सुनियोजित तरीके से विलोपित करने का आरोप जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने लगाए हैं। उन्होंने आठ मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से विलोपित कराने के लिए फार्म - 7 भरकर बीएलओ को जमा किया जाने की बात कही है।

**■ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजय ने लगाया आरोप**

उनका कहना है कि अचरज की बात ये है कि जिसने आवेदक के रूप में अपना नाम पुष्पा लिखा है, उस नाम की महिला ही नहीं है। फर्जी नाम से फार्म 7- भरकर अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम को विलोपित कराने क साजिश रची गई है। विजय केशरवानी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के इशारे पर अफसर काम कर रहे हैं।

श्री केशरवानी ने कहा कि यह सिर्फ मतदाता सूची से नाम विलोपित करने की साजिश नहीं है, केंद्र व राज्य शासन की तमाम योजनाओं से वंचित करने सुनियोजित षड़यंत्र किया जा रहा है। जिनका नाम वोटर लिस्ट से हटाने की तैयारी की जा रही है।

# हाइवे पेट्रोलिंग को ट्रेलर ने मारी टक्कर

**बिलासपुर।** बेलगाम ट्रेलर के चालक ने यातायात के हाइवे पेट्रोलिंग को टक्कर मारदी और कोरबा की ओर भाग गया। हादसे में आरक्षक घायल हो गया है। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, यातायात थाने में पदस्थ आरक्षक रघुराज सिंह पिता इंद्र सिंह 11 फरवरी को वह शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 03, 9578 में हाइवे पेट्रोलिंग में दोपहर 2 से 10 बजे तक ड्यूटी में थे। वे सकरी की ओर से पेट्रोलिंग करते हुए सेंदरी की ओर जा रहे थे। रात 9 बजे काके ढाबा के पास कुछ वाहन सड़क में खड़े थे, जिसे देखकर वे पेट्रोलिंग गाड़ी पीछे कर सड़क में खड़े वाहनों को हटवा रहे थे। इसी दौरान सकरी की ओर से आ रहे अज्ञात ट्रेलर के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उनकी पेट्रोलिंग गाड़ी को टक्कर मार दी और कोरबा की ओर भाग गया। आरक्षक की रिपोर्ट पर अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ट्रक चालक ठेकेदार पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

बिल्डिंग मटैरियल की सप्लाई करने वाले ट्रक के चालक ने गाड़ी पीछे करते समय बाइक सवार तहसीलदार के बेटे को टक्कर मार दी थी, हादसे में उनकी मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने ट्रक चालक व ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। 10 फरवरी को राजनांदगांव छुरिया निवासी तहसीदार हनुमंत श्याम का बेटा रामाग्रीन सिटी निवासी मणिन्द्रभूषण श्याम 23 साल सुबह 4.30 बजे अपने घर से बाइक में निकले थे। जिला न्यायायल के सामने अज्ञात वाहन के टक्कर से घायल होकर पड़े थे। सिम्स डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था। जांच में पाया गया कि एक निमार्णाधीन मकान के लिए एक ट्रक क्रमांक सीजी 29 एसी, 0934 का चालक मटैरियल लेकर आया था और बिना कंडेक्टर के मुख्य मार्ग में गाड़ी को पीछे करते हुए बाइक सवार तहसीदार के बेटे को टक्कर मारकर भाग गया था।

**मरीजों को समय पर सही रिपोर्ट उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता**

# सिम्स के बायोकेमेस्ट्री विभाग में अत्याधुनिक मशीनें लगीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बायोकेमेस्ट्री विभाग को अत्याधुनिक मशीनों से व्यवस्थित किया गया है। अब यहां जांच रिपोर्ट पूरी तरह कंप्यूटरीकृत रूप में, प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार में सहायता मिलेगी।

सिम्स में अभी तक मैन्युअल रिपोर्ट कंप्यूटर से दर्ज कर दी जाती थी। जिला कलेक्टर के प्रयास से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से दो अत्याधुनिक मशीन, फुल ऑटोमैटिक बायोकेमेस्ट्री एनालाइजार हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमटोग्राफी एनालाइजर स्थापित किया गया है जिसकी लगात 6 लाख के आसपास है, दोनों मशीन स्थापित होने से जांच रिपोर्ट समय पर और भी जल्दी दिया जा सकेगा। ज्ञात हो कि सिम्स में प्रतिदिन मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। औसतन लगभग 2000



ओपीडी मरीज तथा 800 आईपीडी मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष साहू ने बताया कि रक्त परीक्षण की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और मरीजों को सही समय पर सटीक रिपोर्ट देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है, ताकि उन्हें उचित उपचार मिल सके। इसी उद्देश्य से विभाग में फुली ऑटो एनालाइजर मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 400 मरीजों के रक्त के सैंपल जांच के लिए आते हैं, जिनसे करीब 3500 विभिन्न प्रकार की जांच की जाती हैं।

### मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्य

सिम्स अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य मरीजों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना से जांच की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होगा तथा मरीजों को कम समय में सटीक रिपोर्ट मिल सकेगी, जिससे उपचार प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होगी। यह कदम सिम्स को आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की दिशा में और मजबूत बनाता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि सिम्स में अन्य संस्था के तर्ज पर आने वाले मरीजों को अत्याधुनिक जांच मशीनों के माध्यम से सही समय पर रिपोर्ट प्रदान करना पहली प्राथमिकता है। ताकि मरीजों को समय पर सही रिपोर्ट उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जांच प्रक्रिया को सरल, तेज और पूर्णतः कंप्यूटरीकृत बनाकर मरीजों को बेहतर सुविधा देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

# यूरोपीय संसद में पेशीराम करेंगे प्रतिनिधित्व 18 को

**बिलासपुर।** भाजपा के आरटीआई प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक छत्तीसगढ़ पेशीराम जायसवाल (डड़सेना) को यूरोपीय संसद, ब्रुसेल्स में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।



यह औपचारिक आमंत्रण पोलैंड के यूरोपीय संसद सदस्य एवं विदेश मामलों की समिति के सदस्य ग्रेज़ेगॉर्ज ब्राउन, जो पोलिश क्राउन कन्फेडरेशन पार्टी के अध्यक्ष भी हैं, द्वारा प्रदान किया गया है। यह सम्मेलन 18 फरवरी को यूरोपीय संसद, ब्रुसेल्स में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। भारत और यूरोप के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत सहयोग की नई संभावनाओं पर केंद्रित होगा। इस सम्मेलन में पोलैंड की संसद (सेजम) के सदस्य, विभिन्न यूरोपीय संघ देशों के सांसद तथा अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान श्री जायसवाल भारत एवं विशेष रूप से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही, भारतीय जनता पार्टी एवं पोलिश क्राउन कन्फेडरेशन पार्टी के मध्य द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर औपचारिक वार्ता भी प्रस्तावित है।

इस अवसर पर ब्रिटिश रविदास हैरिटेज फाउंडेशन के तत्वावधान में समाज सुधारक, संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जन्म जयंती पर कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस में दुष्यंत गौतम, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री, भाजपा, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ (मुख्य अतिथि), रिनचेन लामो, पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, राजेश बग्गा, पूर्व अध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग, पंजाब राज्य, उदय सूद, सचिव, पाथवे ग्लोबल अलायंस एवं भाजपा नेता, पंजाब की उपस्थिति में रहेगी। इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक सुशांत शुक्ला ने भी पेशीराम जायसवाल को बधाई दी।

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026



बिलासपुर-रायपुर मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा।



## खबर संक्षेप

### जीएम स्तर पर होगा रेल सेवा पुरस्कार आज

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 70वां विशिष्ट रेल सेवा एवं रेल सेवा पुरस्कार महाप्रबंधक स्तर समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम 5 बजे सेकेरसा ग्राउंड में किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि महाप्रबंधक तरूण प्रकाश होंगे। इसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वर्ष किए गए उत्कृष्ट कार्यो को प्रोत्साहित करने सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के अंतर्गत 51 कर्मचारियों एवं 9 अफसरों व रेल सेवा पुरस्कार में एक अफसर और 12 रेल कर्मचारियों को महाप्रबंधक सम्मानित करेंगे। वहीं विभिन्न विभागों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 20 मेजर शील्ड एवं 38 माइनर शील्ड भी प्रदान किए जाएंगे।

### अनुपस्थित औषधालय सेवक निलंबित

**बिलासपुर।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय घुटकू में पदस्थ औषधालय सेवक ऋषिकेश भारद्वाज को लंबे समय से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित कर दिया गया है। वे 28 अक्टूबर 2025 से अपने कर्तव्यों से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला आयुष अधिकारी बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तथा कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। निलंबन अवधि के दौरान श्री भारद्वाज का मुख्यालय शासकीय आयुर्वेद औषधालय पुड़ू, जिला बिलासपुर निर्धारित किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में अनुशासनहीनता और अनधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा।

### ट्रेनों के स्टापेज की सुविधा में विस्तार

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर से तिरुपति और हैदराबाद से रक्सौल के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज की सुविधा में विस्तार किया है। 17482/17481 तिरुपति से बिलासपुर और बिलासपुर से तिरुपति के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के कोव्वूर स्टेशन में और 17006/17005 रक्सौल से हैदराबाद और हैदराबाद से रक्सौल एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के पेद्दपल्ली स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा को अब आगामी आदेश तक विस्तार करने का आदेश जारी किया गया है।

### रेलवे ट्रैक पर मवेशी लाने पर कड़ी कार्रवाई

**बिलासपुर।** मवेशियों की आवाजारी रोकने बिलासपुर वन मंडल ने विशेष अभियान चलाकर अब कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल में स्टेशन व रेल लाइन के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों के रेलवे ट्रैक पर आने के कारण ट्रेन से टकराने से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसे देखते हुए प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों व मवेशियो मवेशियों के मालिकों को समझाइश दी गई, जिसके बाद भी उनकी ओर से लापरवाही की जा रही है। इन सबके खिलाफ अब रेलवे ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

# हाईकोर्ट ने सिम्स की बदहाली को लेकर शासन से पूछा-कब तक टेंडर करते रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने सिम्स की बदहाली संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव से शपथ पत्र में यह जवाब मांगा है कि सिम्स में मशीनों का इंस्टॉलेशन कब तक और किस प्रकार किया जाएगा।

हाईकोर्ट ने शासन से यह भी पूछा है कि आप कब तक टेंडर करते रहेंगे, स्थानीय मरीजों का इलाज कैसे होगा। सिम्स में व्यवस्था सुधार पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में पहले हुई सुनवाई में सीजीएमएससी ने बताया था कि अस्पताल के लिए नई मशीनों की खरीद के लिए जारी टेंडर में पांच बिडर शामिल हुए हैं और मूल्यांकन प्रक्रिया अगले चार से पांच दिनों में पूरी कर ली जाएगी। कोर्ट ने अब तक किए गए प्रयासों को सकरात्मक बताते हुए स्पष्ट किया था कि स्थाई सुधार के लिए सतत मानिटरिंग जरूरी है। हाईकोर्ट में

**मुख्य सचिव शपथपत्र देकर बताएं मशीनों का इंस्टॉलेशन कब तक किया जाएगा**



आज चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इसमें बताया गया कि अस्पताल में मशीनें लगाने लगातार टेंडर की प्रक्रिया ही चल रही है। 31 उपकरणों में से सिर्फ सात मशीनों के लिए ही अब तक टेंडर क्वालिफाई हो सका है। बाकी मशीनों के लिए अभी कुछ नहीं हो सका है। इस पर डिवीजन बेंच ने शासन से कहा कि आप कब तक टेंडर करते रहेंगे स्थानीय मरीजों का इलाज कैसे होगा। मशीनें जल्द से जल्द लगातार शुरू करनी होगी। इस बारे में कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से शपथ पत्र पर विस्तृत जवाब मांगा है। इसमें टेंडर और मशीनों के लगाने की जानकारी देनी होगी। कब तक मशीनें काम करेंगी यह बताना होगा। अगली सुनवाई मार्च में रखी गई है। पूर्व में सुनवाई के दौरान सिम्स के डीन ने कोर्ट को बताया था कि अस्पताल में बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का विस्तार किया गया है। नए काउंटर बनने से कतारों का दबाव कम हुआ है।

इससे मरीजों को दवाई लेने में पहले की तुलना में कहीं अधिक सहूलियत मिल रही है। सिम्स ने अपनी पैथोलॉजी और लैब सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए वर्कशॉप भी आयोजित की।

## वोटिंग के लिए हाईकोर्ट अधिवक्ताओं की लगी रही लंबी लाइन

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव 85 फीसदी से अधिक वोटिंग



गुरुवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के दौरान अपनी पारी का इंतजार करते मतदाता।

### लॉ के स्टूडेंटस ने संभाली व्यवस्था

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अनूप मजूमदार चनाव दौरान सक्रिय रहे। बार एसोसिएशन का चनाव तीन बार आपत्ति के बाद एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के हस्तक्षेप पश्चात हो रहा है। इस चनाव में 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। वोटर्स अधिवक्ताओं से डिक्लरेशन फार्म भराए गए हैं। चुनाव में व्यवस्था संभालने के लिए केआर लॉ कालेज और एलसीआर कालेज के लॉ के स्टूडेंटस को ट्रेनिंग देकर अधिवक्ताओं के सुपरविजन में लगाया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए हाईकोर्ट के सिक्यूरिटी सहित पुलिस बल भी तैनात किए गए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को भारी गहमागहमी के बीच हुआ और वोटिंग दौरान हाईकोर्ट अधिवक्ताओं की लंबी लाइन लगी रही। हाईकोर्ट बार रूम में 20 बूथ बनाए गए थे, जिसमें आखिरी समय तक कुल 1213 वोट पड़े। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में कुल 1418 अधिवक्ता वोटर हैं। इस तरह से बार एसोसिएशन चुनाव में 85. 54 फीसदी वोटिंग हुई है।

**मतगणना शनिवार को**

**1418 अधिवक्ताओं में से 1213 ने डाले वोट**

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव के लिए आज सुबह से ही हाईकोर्ट परिसर में गहमागहमी बनी रही और सुबह 11 बजे से वोटिंग चालू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बार रूम में अलग-अलग 20 बूथ बनाए गए थे, जहां अधिवक्ताओं ने मतदान किया। बूथ के पहले ही पुलिस बल और हाईकोर्ट सिक्यूरिटी तैनात रहे जो भीड़ को रोके रही और केवल वोटिंग करने आने वाले अधिवक्ताओं को ही अंदर जाने दिया जा रहा था। बथ के पहले ही सारे प्रत्याशी अपने-अपने पाम्पलेट देकर अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए अधिवक्ताओं से अपील करने में लगे हुए थे। बार रूम के कारिडोर से लेकर बाहर भी अधिवक्ताओं की भीड़भाड़ लगी रही। वोटिंग करने के लिए अधिवक्ताओं के आने का सिलसिला शाम तक चला, किन्तु दोपहर में अधिवक्ताओं की भीड़ ज्यादा नजर आई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में कल 1418 वोटर हैं जिनमें से आज 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस तरह से बार एसोसिएशन चुनाव में 85.54 फीसदी भारी वोटिंग हुई है। वोटिंग के बाद सीलबंद मतपेटियों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है जो शनिवार सबह 10 बजे मतगणना के लिए बाहर निकाला जाएगा।



### अध्यक्ष सहित 17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार मैदान में

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में कल 17 पदों के लिए आज वोटिंग हुई है, जिनके लिए 61 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए सीनियर अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कमार तिवारी, अब्दल वहाब खान व रजनीश सिंह बघेल 7 दावेदारों के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद वरिष्ठ के लिए 6 उम्मीदवार दीपक कुमार जैन, भरतलाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्रनाथ दुबे और शशिकांत सोनकर तथा महिलाओं में 4 उम्मीदवार मांडवी भाराद्वाज, संगीता मिश्रा, मधुनिशा सिंह व रीमा दुबे चुनाव लड़ रही हैं। ग्रंथालय सचिव के लिए 5 उम्मीदवार, कोषाध्यक्ष पद के लिए आशा पूरन सिंह, लवकुश साहू, जितेन्द्र कुमार शुक्ला तथा क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव वरिष्ठ पद के लिए ईश्वर जायसवाल, कुलेश साहू, अमर पाण्डे तथा सचिव महिला पद के लिए प्रज्ञा पाण्डे, एम आशा, कविता तिवारी चुनाव मैदान में हैं। सचिव के लिए राहुल कुमार मिश्रा, कमलेश्वर प्रसाद साहू, ब्रिजेश सिंह, आदित्य खरे, आशीष बेक और सह-सचिव पद के लिए समीर सिंह, विजय कुमार साहू, कृपेश जी प्रसाद और सह-सचिव महिला के लिए आस्था शुक्ला एवं लता नायक उम्मीदवार हैं।



छापे के दौरान खड़ी गाड़ियां।

# फिल ग्रुप के ठिकानों पर आईटी की रेड एसआईआर सर्वे के बहाने आई टीम

## फैक्ट्री एवं विभिन्न ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर इंकम टैक्स विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। बिलासपुर में एसआईआर लिखी गाड़ियों में सर्वे टीम बनकर आई आईटी की टीम ने फिल ग्रुप के श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित ऑफिस एवं रामा वर्ल्ड स्थित निवास में दस्तावेजों की जांच की है। आईटी की टीम ने फिलहाल किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी है।

इंकम टैक्स विभाग की टीम ने गुरूवार को कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई कर हलचल मचा दी है। बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा में एक ही दिन छापामार कार्रवाई से कोयले के कारोबारियों में दहशत फैल गई है। आईटी की टीम एसआईआर सर्वे टीम के रूप में एसआईआर लिखी गाड़ियों में फिल ग्रुप के श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कार्यालय पहुंची। फिल ग्रुप के मालिक प्रवीण झा हैं, जिनके श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित आफिस एवं रामा वर्ल्ड स्थित निवास



में आईटी की टीम के द्वारा दस्तावेजों की जांच की गई है। जांच के दौरान क्या-कुछ अनियमितता मिली इसके संबंध में टीम के द्वारा कोई अधिकृत बयान नहीं दिया गया है।इसी तरह के एक अन्य मामले में आईटी की टीम ने जांजगीर-चांपा के बिर्रा रोड स्थित तिरूपति मिनरल्स नामक फर्म में भी छापामार कार्रवाई की है। टीम के द्वारा फर्म के मालिक अंशुमान मुरारका के फर्म के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। गिरधारी अग्रवाल एवं प्रमोद अग्रवाल के घर पर भी आयकर की टीम ने जांच की

# तिरुपति मिनरल्स के ठिकानों पर दबिश, दस्तावेजों की जांच



**जांजगीर- चाम्पा।** आयकर विभाग की टीम ने चाम्पा में कोयला कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी। तिरुपति मिनरल्स के कार्यालय में पहुंच कर टीम ने आय व्यय के दस्तावेज खंगाले और खातों की जांच की। टीम की जांच पूरे दिन चलती रही।

चाम्पा के बिर्रा रोड स्थित तिरुपति मिनरल्स के कार्यालय में आईटी की टीम ने गुरुवार 14 फरवरी को छापा मारा। सुबह करीब 11:30 बजे दफ्तर में रोज की तरह कामकाज शुरू ही हुआ था कि तभी दो गाड़ियों में दर्जनभर अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने अंदर प्रवेश करते ही मुख्य गेट बंद करा दिया। गेट पर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया। बाहर से किसी भी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। आयकर के टीम की दबिश से हड़कंप मच गया। आयकर विभाग के अधिकारियो ने दफ्तर में सभी तरह के दस्तावेज खंगालना शुरू किया। आय व्यय के दस्तावेज के साथ ही सभी तरह के लेन देन के दस्तावेज की जांच की गई। वहीं सभी तरह के खातों की जांच की। आयकर विभाग की जांच पूरे दिन जारी रही। हालांकि जांच में क्या मिला, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है और लोग पूरे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। फिलहाल आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है।

# मवेशियों ने बुजुर्ग को पटका, गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** सड़क पर आधा दर्जन मवेशियों को देख रूकने वाले बुजुर्ग को मवेशी ने उठाकर पटक दिया। सड़क पर आने-जाने वालों से उसे घायल अवस्था में सिम्स में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार 55 वर्षीय राम साय सावले पिता कांशी राम सावले एसईसीएल कालोनी के पास गार्ड की नौकरी करते हैं। सुबह 11 बजे वे घर लौट रहे थे, इस दौरान लगरा मुख्य



**लगरा मुख्य सड़क पर हुआ हादसा**

सड़क पर आधा दर्जन मवेशी सड़क जाम कर चुके थे। बुजुर्ग ने मवेशियों को आपस में लड़ता देख अपनी बाइक रोक दी, लेकिन इस दौरान मवेशियों ने पलटी मारी और बुजुर्ग को ही उठाकर पटक दिया। जिससे राम साय अचेत हो गए। सड़क से गुजरने वालों ने उनकी हालत में देख सिम्स में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनके बेटे मन्नू कुमार सावले ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी है, सिम्स अस्पताल ने परिजनों को इसकी सूचना भेजी थी।

### हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद भी सड़क पर मवेशी

हाल ही में हाईकोर्ट ने सड़क पर मवेशियों के रहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी, और तत्काल ही सड़कों से मवेशियों को खदेड़ने के निर्देश भी दिया था, लेकिन शुक्रवार को हाईकोर्ट रोड पर एक बार फिर मवेशियों का डेरा लगा रहा, दोपहर करीब 12 से 2 बजे के बीच सड़क के दोनों ओर मेवशी दिखाई देते रहे लेकिन इस दौरान मवेशियों को हटाने के लिए कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था।

## पेयजल, साफ-सफाई, सड़क सहित विकास कार्यों का उठेगा मुद्दा

# नगर निगम में चार माह बाद सामान्य सभा आज, जमकर मचेगा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम करीब चार महिने बाद शुक्रवार को सामान्य सभा होने जा रही है, इसलिए इस बार सामान्य सभा में हंगामा होने के पूरे आसर हैं। सामान्य सभा में पानी, सड़क, सफाई से लेकर विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का मुद्दा उठेगा। सामान्य सभा को लेकर सत्तापक्ष भाजपा एवं विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल ने अपनी-अपनी तरफ से तैयारी की है।

नगर निगम का सामान्य सभा शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से लखीराम आडिटोरियम में शुरू होगा। सामान्य सभा के लिए कांग्रेस के 13 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं जबकि सत्तापक्ष भाजपा के 20 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाया गया है। इस तरह कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं और एक-एक पार्षदों द्वारा दो-दो प्रश्न के हिसाब से कुल 66 प्रश्न आए हैं। इन प्रश्नों की लॉटरी पहले ही निकाली जा चुकी है, जिन




पार्षदों की लॉटरी निकली है उन्हें सामान्य सभा में प्रश्न पूछने का अवसर दिया जाएगा। सामान्य सभा की तैयारी को लेकर आज नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने निगम के अधिकारियों की बैठक भी ली थी। वहीं इससे पूर्व सामान्य सभा के संबंध में सत्तापक्ष भाजपा पार्षद दल और विपक्ष कांग्रेस पार्षद दल की बैठक भी हो चुकी है।

### सामान्य सभा उठेंगे ये मुद्दे

सामान्य सभा में पार्षदों द्वारा पानी की समस्या एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को लेकर उपाय, जर्जर सड़क, स्ट्रीट लाईट, साफ-सफाई की समस्या, आवास समस्या, पट्टा वितरण मामला, अमृत मिशन पाइप लाइन विस्तार, तालाब उन्नयन कार्य, वार्डों में मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं, अवैध निर्माण, टैक्स वसूली आदि से संबंधित मुद्दे उठाए जाएंगे।

### अक्टूबर माह में हुई थी सामान्य सभा

इससे पूर्व नगर निगम में 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में हुई थी। इस तरह से करीब चार महिने बाद निगम में फिर से सामान्य सभा होने जा रही है, जिसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षद उत्साहित नजर आ रहे हैं। बीच में निगम सभापति विनोद सोनी एवं नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने सामान्य सभा कराने महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित निगम आयुक्त को पत्र भी लिखा था।

# 25 हजार किसान एग्रीस्टेक पंजीयन से दूर, नहीं मिलेगी सम्मान निधि

**बिलासपुर।** किसान सम्मान निधि पाने वाले जिले के करीब 25 हजार किसानों ने अब तक अपना एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराया है। ऐसे किसानों को आगामी दिनों में जारी होने वाली किसान सम्मान निधि प्राप्त करने में दिक्कत हो सकती है। कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान पंजीयन की इस स्थिति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव ने डोर-टू-डोर अभियान चलाकर पंजीयन से छूटे किसानों को पंजीकृत करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दो-दो हजार रूपए की साल में तीन किश्त लेने वाले जिले के करीब 25 हजार किसानों ने अब तक अपना एग्रीस्टेक पंजीयन ही नहीं कराया है। बीते दिनों कलेक्टर्स कांफ्रेंस के दौरान प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लंबित कार्यों जिनमें ई-केवायसी, लैण्ड सिंडिग, आधार सिडिंग, एफआरए-पीवीटीजी पंजीयन एवं सत्यापन तथा सस्पेक्टेड किसानों का सत्यापन, अस्थाई अपात्र किसानों का पुनः सत्यापन एवं एग्रीस्टेक फार्मर आईडी से किसान पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान जिले की अपेक्षाकृत प्रगति नहीं आने एवं लंबित कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर गहरी नाराजगी भी व्यक्त की गई है।



स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना
# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

## कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे यह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *


## ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1. गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।

2. एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।



3. चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव


एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ झाड़ी कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ मटियारी में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ



**लगरा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत मटियारी शिकारी मोहल्ला में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ किया गया। 9 दिन तक होने वाले अखंड नवधा रामायण का कथा विश्राम 21 फरवरी को होगा। आचार्य पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा सीपत वाले हैं। इस दौरान मानस मंडली को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। आयोजन में समस्त ग्राम वासियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

### विद्यार्थियों का शैक्षणिक दल इसरो के लिए रवाना



**मुंगेली।** जिले के पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का शैक्षणिक दल आंध्रप्रदेश के हरिकोटा स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख केंद्र सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र तथा स्पेस म्यूजियम के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुआ। इस शैक्षणिक यात्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित वैज्ञानिक ज्ञान से आगे बढ़ाकर उसे वास्तविक जीवन और अंतरिक्ष विज्ञान की प्रयोगात्मक दुनिया से जोड़ना है। जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने बताया कि पीएमश्री सेजेस दाउपारा, पीएमश्री बी.आर.साव विद्यालय, पीएमश्री सेजेस पथरिया और पीएमश्री एकलव्य आवासीय विद्यालय बंधवा के 4 विद्यार्थियों सहित 04 एस्कार्ट शिक्षक और नोडल अधिकारी एवं सहायक के दल को जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर श्रीहरिकोटा के लिए 10 फरवरी को रवाना किया गया।

### नार्थ इस्टर्न पब्लिक स्कूल में लगा डेंटल चेकअप कैंप




**तखतपुर।** ग्राम जरौंधा स्थित नार्थ इस्टर्न पब्लिक स्कूल में डेंटल चेकअप एण्ड वेलनेस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डां. कीर्ति हिमेत कारड़ा ने बताया कि दांतों का इलाज समय पर होना चाहिए नहीं होने पर बढ़ती उम्र के बाद दांतों की तकलीफ बढ़ जाती है। दांत साफ नहीं होने से मुंह में भी अनेक प्रकार की बीमारी हो जाती है। डां कीर्ति कारड़ा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को कैसे प्रतिदिन सुबह और रात में दांत और मुंह की सफाई करनी है। इस अवसर पर ईशा मनचंदानी, हर्षा मनचंदानी, प्रिया केनार, डायेक्टर चंदन कुमार दुबे, अभय सिंह राजपूत, रूपाली कुम्भकार, अनामिका क्षत्री, सुनीता क्षत्री, अन्नपूर्णा पटेल, शिवानी शर्मा, मीना तोलानी, ममता द्विवेदी, मधु पटेल, पार्वती कश्यप, राशि देवांगन, आस्था मसीह, वसीम हुसैन, वर्षा कैवर्त सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल में मनी स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती



**तखतपुर।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर देवरीखुर्द डीएवी स्कूल में हवन किया गया। टॉपर बच्चों को विद्यालय के प्रिंसिपल एवं पार्षद कोमल सिंह के द्वारा को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल विनय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दयानंद सरस्वती की ओर से स्थापित आध्यात्मिक व शिक्षण संस्थानों से देश लाभान्वित होता रहा है इस अवसर पर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर इंद्रेश सिंह ठाकुर ,प्रेम सिंह सिंगरौल,एकता सिंह ,रीना सिंह, प्रशांत सिंह, कृष्ण कुमार कौशिक, अंकुश जैन, हर्षिता राजपूत ,श्रिया गुप्ता अंचला झा, जागृति ,वैशाली शुक्ला, दुर्गा यादव, माया श्रीवास, दीपिका यादव, सिद्धांत पांडे ,अंकिता गुप्ता ,नीलम साहू, ऐश्वर्या, आदि त्यचंदेल ,अमन मिश्रा, राहुल यादव, गौरव तिवारी, वेनुका एवं विद्यालयीन शिक्षक उपस्थित रहे।

### अग्रसेन कॉलेज के छात्रों ने किया अमरकंटक का भौगोलिक अध्ययन



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा हाल ही में अमरकंटक का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक भौगोलिक और पर्यावरणीय ज्ञान प्रदान करना था। इस दल का नेतृत्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. गेंदलाल बंजारे ने किया। उनके साथ अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. रूपेन्द्र साहू, समाजशास्त्र विभाग से प्रो. जागृति शर्मा और वाणिज्य विभाग से प्रो. सीमा डनसेना ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### दौना के बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर

# जर्जर स्कूल भवन बच्चों के लिए बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया




विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते विद्यालय भवन इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालात यह है कि पहली से तीसरी कक्षा तक के लगभग 44 बच्चे स्कूल भवन के भीतर नहीं, बल्कि बाहर पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

विद्यालय भवन अत्यधिक वर्ष पुराना होने के कारण उसकी छत से रोजाना प्लास्टर गिर रहा है। दीवारों में दरारें साफ दिखाई दे रही हैं, जिससे बच्चों और शिक्षकों में हमेशा भय बना रहता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य नंदलाल कर्ष ने बताया कि जर्जर कक्षाओं की लिखित सूचना ब्लॉक से लेकर जिला कार्यालय तक भेजी जा चुकी है। उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया, जिसके बाद ठंड के मौसम को देखते हुए फिलहाल बच्चों को बाहर बैठाकर अध्यापन कार्य कराने की बात कही गई। कमरे की स्थिति को देखते हुए तीनों कक्षाओं के बच्चों को बाहर ही पढ़ाया जा रहा है।

#### गरीब बच्चों की मजबूरी

ग्रामवासियों का कहना है कि मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चे अन्य विद्यालयों में पढ़ने चले गए हैं, लेकिन गरीब परिवारों के बच्चे संसाधनों के अभाव में इसी जर्जर विद्यालय में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

#### कराई जाएगी मरम्मत

बच्चों को बाहर बैठाकर पढ़ाई नहीं कराई जानी चाहिए। यदि कक्षाएं जर्जर हैं तो आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

-एलपी डाहीरे
जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली।

#### धूप में पढ़ाई, धूल-कंकड़ से परेशानी

विद्यालय मुख्य सड़क से लगा हुआ है, जहां इन दिनों सड़क का नवीन निर्माण कार्य जारी है। स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल नहीं होने से भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। इसके कारण बाहर बैठकर पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को धूल और कंकड़ के बीच अध्ययन करना पड़ रहा है। धूप के नीचे बैठने से बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बना हुआ है। एक ओर राज्य सरकार और शिक्षा विभाग 'स्कूल चलें हम' जैसे अभियानों के माध्यम से बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाने के प्रयास कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम दौना के इस स्कूल की बदहाली व्यवस्था की पोल खोल रही है।

### 3 लाख से अधिक को दी गई फाइलेरिया की दवा



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप देश को 2030 तक फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी मुक्त बनाने के उद्दे"य से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डी.ई.सी., एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का संयुक्त रूप से सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा ने बताया कि जिले में अब तक 3 लाख 15 हजार 500 से अधिक लोगों को दवा सेवन कराया जा चुका है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड में 660 बूथ, लोरमी विकासखण्ड में 560 बूथ और पथरिया विकासखण्ड में 400 बूथ सहित कुल 01 हजार 620 बूथ बनाए गए हैं। जिले में 01 हजार 790 दल के 03 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जा रहा है। जिले में 08 लाख 51 हजार 895 से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ियों आदि शैक्षणिक संस्थानों में दवा सेवन कराया गया। द्वितीय चरण में 13 से 22 फरवरी तक घर–घर जाकर तथा 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लोगों को मापअप राउंड अंतर्गत दवा सेवन कराया जाएगा।

### घर-घर जाकर दी गई फाइलेरिया उन्मूलन की दवा



**तखतपुर।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से जिले को मुक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर आम नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही कृमि नाशक दवा का भी वितरण कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। दिलीप तोलानी ने बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी जनित बीमारी है, जो मच्छरों के माध्यम से फैलती है और समय पर उपचार न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती है। इस अवसर पर मितानिन साक्षी तोलानी,शकुन ठाकुर, आशा ठाकुर, भागमती वैष्णव, लक्ष्मण दास तोलानी, रोचिराम तोलानी,,चंद्रपाल, संतोष ठाकोर, नरेंद्र सिंह, दरबार सिंह, रामीन बाई, लक्ष्मीन बाई ,देवी प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे

### जमुनाही स्कूल में बच्चों को दी गई फाइलेरिया की दवा



**लोरमी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन के तहत शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में बच्चों को उम्र एवं हाइट के हिसाब से फाइलेरिया की दवा आइवर मैक्टिन, डाइड थाई ल कार बा मैजिन एवं एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। फाइलेरिया के रोकथाम बचाव एवं दवा के सेवन के बारे में बच्चों को बताया गया। फाइलेरिया की दवा सभी स्कूलों में उपलब्ध करा दी गई है। प्रथम चरण में 10 से 12 तक तीन दिवस तक फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। जिसके तहत 10 फरवरी को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, रामकुमारी साहू, त्रिभुवन साहू सहित बडी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पटवारी एवं तहसीलदार के बीच सुलह, हड़ताल समाप्त

**लोरमी।** पटवारियों एवं तहसीलदार के बीच का विवाद आखिरकार थम गया है। आंदोलनकारी पटवारी संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अनिश्चितकालिन हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

राजस्व पटवारी संघ जिला शाखा द्वारा सौपे गए 4 फरवरी ज्ञापन में उपरोक्त कि राजस्व पटवारी संघ जिला शाखा द्वारा तहसील लोरमी के पटवारियों के समर्थन में जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी था, जिसे प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य बैठक कर बिन्दुवार मांग/शिकायत का निराकरण किया गया। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सकारात्मक चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल को



समाप्त किया जाता है। 13 फरवरी से जिले के सभी पटवारी अपने कार्यों पर उपस्थिति देंगे। जिलाध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ ने जिसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, लोरमी, पथरिया एवं प्रांताध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ छ०ग० को पत्र प्रेषित कर जानकारी भेजी है। गौरतलब है,कि आज जिला कार्यालय में पटवारी एवं तीनों विकासखंड के एसडीएम एवं तहसीलदार नया तहसीलदार सहित पटवारी संघ के प्रतिनिधिमंडल एवं सदस्यों के बीच आज शाम 4:00 बजे के बाद दोनों के बीच चर्चा हुआ जिसमें पटवारी एवं तहसीलदार के बीच जो मतभेद था को निराकरण कर आपसी संबंध स्थापित कर राजस्व कार्य में लौट के लिए राजी हो गए। एसडीएम अजीत पुजारी ने कहा कि सद्भवना पूर्व माहौल में बातचीत हुआ है,पटवारियों एवँ प्रशासनिक अधिकारी के बीच जो गतिरोध की स्थिति निर्मित हो रही थी, उसे दूर किया गया। आगे पटवारियों एवं अधिकारी कर्मचारी को आसपी समन्वय एवं सामंजस्य बनाकर कार्य ने की हिदायत दी गई है।

## कलेक्टर ने सिलतरा व जरेली विद्यालय में बायोमैट्रिक अपडेट वआधार पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण




**पथरिया।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विकासखण्ड पथरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलतरा और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली पहुंचकर आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट कार्य का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार अपडेट के फायदे बताते हुए कहा कि इससे डिजिलॉकर में दस्तावेज सुरक्षित रखना आसान होगा तथा छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को आसानी से मिल सकेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को विद्यालय में शत-प्रतिशत आधार पंजीयन एवं अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा प्राचार्य को विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर बनाने के साथ ही कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्पेशल क्लास संचालित कर बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 12वीं बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने भी बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया।

- बच्चों से संवाद कर 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने किया प्रेरित

## सेजेस गर्ल्स स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**पेंड्रा।** पीएम श्री सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष राकेश जालान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरुणा जायसवाल, पूर्व पार्षद राकेश चतुर्वेदी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद मनीष श्रीवास, मदन सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य इक्का मैडम, शिक्षक एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राकेश जालान ने अपने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ईमानदारी से निश्छल होनी चाहिए प्रभु की भक्ति



**तखतपुर।** ईश्वर से भक्ति करके हर चीज से पाई जा सकती है पर भक्ति ईमानदारी से और निश्छल होनी चाहिए। सच्चा प्रेम जन्म जन्मांतर तक बना रहता है। उक्त बातें कथा वाचक पंडित प्रेम पाण्डेय ने शिव महापुराण कथा महोत्सव में कहीं। सती ने बचपन में ही भगवान शिव को पति के रूप में चाहा था और जब उसने कठोर तपस्या शिव जी को पाने के लिए की तब शिव जी ने सती को स्वीकार कर विवाह किया था प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नही करते थे जब उन्होंने यज्ञ का आयोजन किया तब बिना बुलाए सती यज्ञ में गई और शिव जी का अपमान हुआ था जिसे सहन न कर यज्ञ की अग्नि में सती ने अपना शरीर त्याग दिया था जिसके बाद शिव जी क्रोधित होकर यज्ञ को नष्ट कर दिए बाद में शिव जी दक्ष को क्षमा किया और सती ने अगले जनम में पार्वती के रूप में कठोर तपस्या से शिव जी को प्राप्त किया। सच्चा प्रेम जन जनमांतर तक बना रहता है। इस अवसर पर अनिल कुमार धुरी, अशोक कुमार धुरी, दिलहरण धुरी, तेजा धुरी, किरण धुरी, सुनील धुरी, रामप्रसाद, संजय, माधो, बाला, गोल्ड, संजू, प्रेम प्रताप, गोपाल, संतोष, दुर्गेश,राकेश, राहुल, रंगीला, नकुल, शानू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्राम मौहाभाठा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता



**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रायल क्लब के तत्वावधान में हुआ। मैच का उद्घाटन मालगुजार अनुराग पाण्डेय ने किया। मैच में बालक वर्ग से 22 टीमों ने व बालिका वर्ग में 24 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू व विशाल साहू ने किया। इस अवसर पर पुन्नूलाल मोहले विधायक नरेश पटेल रेमन साहू सरपंच गोस्वामी तुलसीदास उपसरपंच प्रमोद निर्मलकर सरपंच मोढे साहिद खान विरेन्द्र यादव नंदलाल पैकरा थाना प्रथारी जरहागांव भाग्यलक्ष्मी धनलाल टंडन सरपंच संतोष दिवाकर मनीष जॉगडे राज साहू देवकुमार साहू डॉ. रामकुमार साहू शत्रुहन जायसवाल रामखेलावन साहू योगेश पटेल रवी पाण्डेय तितरा यादव कृष्णा यादव धर्मेन्द्र श्रीवास देवदत साहू रूपेश यादव इन्द्राम पटेल सोनी धुरी रमाशंकर वर्मा गोपी पटेल विनोद साहू रामदयाल पटेल मयंक पटेल गुलशन साहू वासुदेव पटेल मुकेश पटेल पप्पू पटेल टेलर सूरज कूर्रे एवं समस्त ग्रामवासी मौहाभाठा ने उपस्थित रहा। उक्त जानकारी पिल्लूराम साहू ने दी।

## उठाव में देरी से सूखने लगा खुले में रखा धान, प्रभारियों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



विकासखण्ड के 33 धान खरीदी केंद्रों में नियत तिथि तक धान खरीदी की गई जिसका शासन के निर्देशानुसार उठाव 28 फरवरी तक किया जाना था लेकिन पिछले दिनों से उठाव में कमी से खरीदी केंद्रों में हजारों क्विटल धान खुले आसमान के नीचे तेज धूप में सूख रहा है। तेज धूप और रात की ठंड से धान के बारदाने फटने शुरु हो गए हैं जिससे धान जमीन में गिर कर खराब हो रहा है।

उठाव में देरी के कारण खरीदी प्रभारियों को शार्टेज का भय सताने लगा है। किसी भी तरह जल्दी उठाव हो इसके लिये अपने स्तर से हाथ पैर मार रहे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा उठाव का डिमांड मिलर को नहीं देने से ट्रक भी नहीं आ रहे। डीओ के विरुद्ध गाड़ियां कम लग रही हैं। ब्लाक मुख्यालय पथरिया के धान खरीदी केंद्र में 16 हजार क्विंटल धान उठाव के इंतजार में खुले आसमान में पड़ा है। इसी तरह ग्राम जेवरा के खरीदी केंद्र में लगभग 30 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हुआ है पड़ियाइन, गंगद्वारी, सिलतरा जैसे बड़े खरीद केंद्रों में समस्या बड़ी है ।

**गुरुवार को नहीं कटा डीओः** पुराने मांग आदेश पर उठाव धीमा है। गुरुवार को भी कोई मांग आदेश प्रशासन द्वारा मिलर को नहीं दिया गया। इस कारण आने वाले दिनों में भी उठाव अपेक्षा अनुरूप नहीं होने की आशंका बनी हुई है। मिलर्स द्वारा धान का उठाव धीमी गति से होने के बावजूद उन्हें कोई कड़ा निर्देश जारी नहीं किया जा रहा है। खरीदी प्रभारी संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मिलर्स जानबूझ कर देरी कर रहे प्रशासन द्वारा उन्हें तेजी से उठाव के लिए कहना चाहिए।

#### प्रभारियों के सिर फूटेगा ठीकरा

प्रशासन द्वारा बेहतर प्रबन्धन से धान खरीदी की गई जिसके परिणाम स्वरूप किसानों का धान सुगमतापूर्वक खरीदा गया लेकिन उठाव में प्रशासन के द्वारा की जा चूक हजारों क्विंटल धान के सूखत का कारण बनेगा और जितना धान खरीदा गया उससे कम स्टॉक की समस्या आना तय है लेकिन इसका ठीकरा खरीदी प्रभारियों के सिर फूटना भी तय है। इसी चिंता को लेकर खरीदी प्रभारी संघ जल्द ही विभागीय मन्त्री और जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर जल्द उठाव और सूखत से बचाने की गुहार लगाने की तैयारी में है।

#### होगी आर्थिक क्षति

पथरिया सहकारी समिति अध्यक्ष सुखदेव वर्मा ने बताया कि विकास खण्ड के खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शासन के द्वारा निर्धारित तिथि तक कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है अगर ऐसा नहीं होता है तो शार्टेज आएगा और शासन को आर्थिक क्षति होगी।

## आत्मानंद स्कूल दाऊपारा में लगा आनंद मेला

**मुंगेली।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव ने समिति के सदस्यों सहित मां सरस्वती की पूजा अर्चना बाद फीता काटकर किया।

शाला प्राचार्य डा. आई.पी. यादव ने बताया कि मेले के माध्यम से इस कार्यक्रम में सामुदायिकता एवं व्यावसायिक भावना का विकास होता है तथा बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत होती हैं। इस अवसर पर प्रथम पाली में दोनों माध्यम के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग के चारों सदनों के विद्यार्थियों द्वारा 8 से 11 बजे तक अपने प्रभारी शिक्षकों के निर्देशन में स्टल लगाकर खाद्य सामग्री का आनंद उठाया। द्वितीय पाली में हाई एवं हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों द्वारा 01:30 से 04:00 बजे तक विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी एवं आधुनिक स्वादिष्ट व्यंजनों का सदन वार स्टल लगाया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी सदस्य दुष्यंत दुबे, ममता जोशी, ममता पाटले, वरिष्ठ पालक मोहित यादव, सहित व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, रि"म पाण्डेय, वंदिता गुप्ता, राहुल वर्मा, रंजीता केवट, पुष्पांजली कोशले, शबनम बानो, सविता देवांगन, रूही फातिमा, उमाशंकर साहू, दीपांजली सोनी, प्रधान पाठक मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू प्रधान पाठक प्राथमिक अमृता पात्रे, बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू आदि स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### योगेश बने अभा कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष



दगोरी। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा बोदरी निवासी योगेश कौशिक को युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र भूषण वर्मा तथा युवा प्रदेशाध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष राजीव रतन सिंह द्वारा की गई है।

### भर्ती हेतु 27 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

कोरबा। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,जिला कोरबा द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 27 फरवरी शाम 5.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

## निधन

### सुनील दत्त तिवारी



बिलासपुर। प्रताप चौक डबरीपारा निवासी सुनील दत्त तिवारी का गुरुवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 13 फरवरी को दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. डॉ. के.डी. तिवारी के पुत्र, शुभांक, अंशिका तिवारी के पिता थे।

### राधेश्याम कौशिक



बिलासपुर। ग्राम नगोई तखतपुर निवासी राधेश्याम कौशिक का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 12 फरवरी गुरूवार को गृह ग्राम नगोई में किया गया है। वे शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, सतेन्द्र प्रताप कौशिक, जयंती कौशिक एवं ज्योति कौशिक के पिता थे।

### लूदूराम यादव



बिलासपुर। यादव नगर तिफरा निवासी लुदूराम यादव का निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तिफरा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश, संतोष व दिनेश के पिता थे।

### मनहरण लाल कौशिक

बिलासपुर। ग्राम हरदी बेलपान तखतपुर निवासी वर्तमान निवास गंगा नगर बिलासपुर का निधन 10 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे चंद्रभूषण एवं चंद्र शेखर के पिता थे।

### जुलाराम साहू



तखतपुर। ग्राम अंधियारखोर निवासी जुलाराम साहू 80 वर्ष का 11 फरवरी को निधन हो गया। वे आरईएस एसडीओं बीआर साहू के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अंखियारखोर में किया गया।

### मिलनमल टेकवानी



तखतपुर। बग्गा मार्केट स्थित मिलन स्वीट के संचालक सिंधी समाज के वरिष्ठ सदस्य मिलनमल टेकवानी का 97 वर्ष की आयु में 8 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कर्मचंद, नोतन, बलराम टेकवानी के पिता, योगेश, सूर्यांश, प्रतीक अभिलाष, मुकेश, विजय के दादा एवं डायमण्ड लालवानी के नाना थे।

## स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम केन्दई में प्रतिवर्ष लगता है स्वास्थ्य शिविर

# कर्दम तीर्थ में लगा स्वास्थ्य शिविर, 5 सौ ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





कर्दम तीर्थ में स्थित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन दैवी संपद के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती के सानिध्य में संचालित किया गया।

ब्रह्मलीन परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीण, वनवासी एवं जरूरतमंद लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। यह स्वास्थ्य शिविर 47 वें विष्णु महायज्ञ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कदम तीर्थ केंद्र में पिछले कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ मिल चुका है। आंखों की जांच और चश्मे का वितरण भी किया जाता है। आश्रम द्वारा संचालित यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डा. रजनीश पाण्डेय और साथी डाक्टर्स की टीम और उनके साथ सहयोगियों ने मानव सेवा की जो मिशाल प्रस्तुत की। पूज्य महाराज के स्नेह पात्र वनवासियों भाई बहनों, बच्चों के स्वास्थ्य की देख रेख के लिए टीम पूरे दिन आश्रम में सेवा में लगी रही। स्वास्थ्य शिविर माता गिरिजेश नंदिनी देखरेख में संचालित हुआ। शिविर में बिलासपुर से अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम निःशुल्क अपनी सेवाएं देने पहुंची इस टीम में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र भूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एमडी फिजिशियन डॉ. मनोज मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इप्शिता प्रियदर्शनी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप तिवारी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। शिविर के दौरान रोगियों के खून, बीएमडी टेस्ट, ब्लड शुगर एवं थायरॉइड की जांच, नेत्र परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांच की गई। मरीजों को उचित परामर्श, दवाइयों के संबंध में आगे के उपचार की संबंधी परामर्श दिया गया।

जरूरतमंदवासियों को 17 फरवरी को चश्मा वितरण किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए सुरेश गोयल, प्रवीण शुक्ला, महेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मोहन, दीपक,रमेश, पवन, दिनेश, सुरेश, विकास, अवधेश, केशव, सौम्य उज्जवल सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर के संचालक डा रजनीश पांडे ने आश्वस्त किया कि भविष्य में आश्रम के जिस भी वनवासी भाई बहनों को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी होगी तो वे उनका निःशुल्क इलाज बिलासपुर हॉस्पिटल में करेंगे। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि समय समय पर यहां शिविर की जरूरत है जिससे वनवासियों को निरंतर ट्रीटमेंट मिलता रहे।

## एनटीपीसी आयोजित करेगा आईपीएस 2026

### देशभर के पावर विशेषज्ञ होंगे शामिल

सीपत। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड 13 से 15 फरवरी तक इंडियन पावर स्टेशन ओ एंड एम कॉन्फ्रेंस (IPS 2026) का आयोजन करने जा रही है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन विद्युत क्षेत्र के विशेषज्ञों और पेशेवरों को संवाद, सीखने और सहयोग के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा।

- एआई, डिजिटलीकरण, हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा पर होगी गहन चर्चा

इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय तथा विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह वार्षिक सम्मेलन एनटीपीसी की यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो वर्ष 1982 में सिंगरौली में इसकी पहली थर्मल इकाई के वाणिज्यिक संचालन की स्मृति को चिह्नित करता है। तीन दिवसीय सम्मेलन में तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें क्षेत्र के विशेषज्ञ परिचालन चुनौतियों, बदलती आवश्यकताओं और उभरते अवसरों पर विचार-विमर्श करेंगे। चर्चा के प्रमुख विषयों में लचीला संयंत्र संचालन, सुरक्षा, एसेट प्रबंधन, जल एवं ईंधन प्रबंधन, डिजिटल अनुप्रयोग, दक्षता में सुधार तथा परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण समाधान जैसे नए ऊर्जा मार्गों की भूमिका शामिल है। प्रदर्शनी में एनटीपीसी के विभिन्न क्षेत्रीय मुख्यालयों द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए संयंत्रों के मॉडल और उनके प्रदर्शन की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी। एनटीपीसी देश को ऊर्जा प्रदान करते हुए सस्टेनेबिलिटी और नवाचार को अपनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

### कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार के द्वारा राजस्व प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जा रही है और आमजनों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली द्वारा राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई और प्रकरणों के निराकरण की धीमी प्रगति, निर्वाचन कार्य में बिना अनुमति अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्व अधिकारियों एवं पटवारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय शतरंज ने बताया कि वीडियो कन्फ्रेंसिंग में नक्शा बटांकन, अभिलेख दुरूस्ती, लंबित प्रकरणों के निराकरण, रबी तथा धान उठाव आदि के संबंध की समीक्षा की गई।

सुबह 5 बजे से कोयला खदानों में शुरु हो गई थी हड़ताल की गहमागहमी

## श्रम कानूनों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की हड़ताल कोयला खदानों के उत्पादन पर पड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



केंद्र सरकार द्वारा लाए गए श्रम कानून के विरोध में देश के सभी ट्रेड यूनियन के साथ 100 से अधिक जनसंगठनों के द्वारा गुरुवार को आहूत की गई देशव्यापी हड़ताल का कोयला क्षेत्र में व्यापक असर देखा गया। सुबह 5 बजे से ही यूनियन नेताओं की गहमागहमी खदानों के आसपास शुरु हो गई थी और अधिकांश कामगार सुबह होते ही हड़ताल में शामिल हो गए। इससे कोयला खदानों में कामगारों के नहीं पहुंचने पर उत्पादन प्रभावित हुआ। हड़ताल को कांग्रेस के द्वारा समर्थन दिए जाने से उसके कार्यकर्ता खदानों में सक्रिय देखे गए।

ट्रेड यूनियन की इस देशव्यापी हड़ताल में औद्योगिक क्षेत्रों के साथ साथ बीमा और बैंकिंग क्षेत्र में भी इसका असर देखा गया। सभी सरकारी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। जिससे बैंकों का भी कामकाज प्रभावित हुआ। इस हड़ताल से निजी बैंक अलग रहे। हड़ताल का व्यापक असर जिले के एसईसीएल खदानों में पड़ा। जहां कामगारों की उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। वहीं दफ्तरों में भी कर्मचारियों की उपस्थिति कम होने के कारण खदान से लेकर दफ्तर तक सन्नाटा पसरा रहा। एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा कामगारों से हड़ताल में शामिल ना होने के लिए की गई अपील का भी असर नजर नहीं आया। कोल सेक्टर में बीएमएस को छोड़कर अन्य सभी श्रमिक संगठन हड़ताल पर हैं। कोरबा सहित अन्य जिलों में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों और वर्कशॉप में सुबह 5 बजे की पाली में इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठन सक्रिय हो और गए और कर्मचारियों से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा। इस पाली में अधिकांश श्रमिक अनुपस्थित रहे वहीं ड्यूटी के लिए जो भी कर्मचारी पहुंचे उनमें से आधे लौट गए। एसईसीएल में साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रमुख गोपाल नारायण ने बताया कि कोलफील्ड में चल रही हड़ताल को लगभग 80 प्रतिशत फीसदी कर्मचारी और मजदूरों का समर्थन मिल रहा है, और इसका कोल उत्पादन पर व्यापक असर पड़ रहा है। यूनियनों का आरोप है कि व्यापक विरोध के बावजूद अधिसूचित की गई चार श्रम संहिताएं श्रमिक हितों के प्रतिकूल हैं। उनका कहना है कि यह हड़ताल श्रमिकों के अधिकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और व्यापक जनहित की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है।

### सीएसईबी में काली पट्टी लगाकर काम

इस हड़ताल को सीएसईबी की जनता यूनियन द्वारा भी समर्थन दिया गया। इस संगठन से जुड़े कर्मचारी आज काली पट्टी लगाकर काम किए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में छत्तीसगढ़ के बिजली कर्मियों ने गुरुवार को सांकेतिक हड़ताल कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर में उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण इकाइयों के कर्मचारियों ने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

### हड़ताल का आंशिक असर

श्रम संगठनों की हड़ताल का खदानों में आंशिक असर पड़ा है। 20 बड़ी खदानों में से 11 खदानों में सामान्य रुप से कामकाज चलता रहा। 9 खदानों में आंशिक असर रहा। कोरबा जिले के एसईसीएल खदानों में दीपका में कामकाज सामान्य रुप से चलता रहा। गेवरा में इसका आंशिक असर पड़ा लेकिन ठेका कंपनियों के द्वारा कामकाज किया जाता रहा। कुसमुण्डा में कुछ असर देखा गया।

- डॉ सनीश चंद्र, पीआरओ, एसईसीएल

विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया

## विष्णुकांती महाविद्यालय के बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



लोरमी। ग्राम पंचायत चकला के आश्रित ग्राम छीतापार में विष्णुकांती महाविद्यालय के संचालन के तीसरे वर्ष में महाविद्यालय एवं नेहा पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्या संगम कला एवं विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह ठाकुर थीं।

मुख्य अतिथि वर्षा ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय खुलने से ग्राम पंचायत की दिशा बदल रही हैं। एक छोटे से गांव में बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए जैसे कोर्स के साथ महाविद्यालय संचालित हो रहा हैं। जहां ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिका उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच ग्राम पंचायत चकला अनुसईया घृतलहरे ने कहा कि इस गांव में विद्यालय के साथ ही महाविद्यालय का संचालन होना गौरव की बात हैं जिसके कारण गरीब असहाय कमजोर वर्ग के बालक बालिका न्यूनतम शुल्क में डिग्री डिप्लोमा प्राप्त कर रहें हैं। विशिष्ट अतिथि नर्बद कुमार कश्यप थे। कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष विनोद लहरे उपाध्यक्ष भगिया प्रसाद, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र घृतलहरे, ब्रम्हदत्त त्रिपाठी, संतोष यादव, विजय गंधर्व, शीशपाल पात्रे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर स्कूल एवं कालेज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अजय टंडन आभार स्कूल कालेज के संचालक सुनील लहरे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक संचालिका शशी देवी लहरे, बेबी छाया, प्रभा, नंदनी, रचना, शिक्षक अजय टंडन, रीना अनंत, पूजा लहरे, रजनी मोहले, किरण चतुर्वेदी, मोहनीश रात्रे, अर्जुन डाहिरे, इशू, राजकुमार, राजेश का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शमशाद बेगम, राजू, सरस्वती टंडन, चन्द्रिका कोशले, गंगाराम लहरे,हर्षवर्धन वैष्णव, पालकगण नरेंद्र यादव, श्रीराम यादव, बैतल, सदाराम पटेल, धन्नू पटेल, राजकुमार पटेल, रानी कुर्रे, भजनदास, मेलराम पटेल एवं ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## मेला व्यवस्था के लिए प्रशासन की बैठक



मल्हार। महाशिवरात्रि मेला के शांति पूर्ण माहौल में बेहतर ढंग से संचालित करने मस्तूरी तहसीलदार जयंती देवांगन, अतिरिक्त तहसीलदार चांदनी ध्रुव, मस्तूरी एसडीओपी लालचंद मोहले, सीएमओ अनुभव सिंह, नप अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर केवट, चौकी प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुशील चौबे के साथ सभी 14 पार्षदों की उपस्थिति में बैठक नप कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में पार्षदें ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिससे मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को मेला क्षेत्र को सीसीटीवी से कवर करने, कलाई में चूड़ा पहन कर आने वाले से जुड़ा जब्त करने और चाकूबाजी रोकने के उपाय जैसे सुरक्षात्मक मुद्दों पर विशेष फोकस किया गया। पूरे मेला क्षेत्र में लाइटिंग, पीने का शुद्ध पानी, साफ सफाई पर भी व्यवस्था बनाने सुझाव दिए गए। साथ ही अनावश्यक चल रहे अवैध चखना दुकानों को बंद कराने और कही भी अवैध शराब बिक्री न हो यह सुनिश्चित करने संबंधित सुझाव भी आए। स्थानीय महिला कमांडो एवं शांति समिति के युवकों को सक्रिय कर उन्हें पूरे मेला क्षेत्रों में चप्पे चप्पे पर नजर रखने की सलाह दी गई यह भी सुझाव आया कि किसी भी प्रकार का जुआ सट्टा जैसे गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाए।

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की आत्महत्या





पेंड्रा। पेंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पनकोटा में शादी में हो रही देरी से आहत प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार लड़के की उम्र 18 वर्ष थी। उम्र कम होने के कारण परिजन शादी के लिए कुछ समय रुकने की बात कह रहे थे। इसी बात से क्षुब्ध होकर पहले युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवती के फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही युवक ने उसे फांसी के फंदे से उतारा और उसने भी घर के पास नीलगिरी प्लॉट में एक पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पेंड्रा पुलिस को दी गई, घटना की सूचना मिलते ही पेंड्रा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लड़के का नाम कृष्णा और लड़की का नाम अनीता था।

## उन्नत संरक्षित खेती तकनीकों पर किसानों को दी गई जानकारी



बिल्हा। ग्राम बोडसरा में उद्यानिकी फसलों में संरक्षित खेती की उन्नत तकनीकों के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं स्वागत उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को फूलों की आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. राकेश गिरी गोस्वामी ने उद्यानिकी फसलों में मृदा प्रबंधन के महत्व एवं संतुलित पोषण की जानकारी दी। डॉ. मकसुदन ने फल फसलों की उन्नत खेती पद्धतियों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. संध्या साहू ने उद्यानिकी फसलों में रोग प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों से किसानों को अवगत कराया। डॉ. मुकेश पटेल ने एकीकृत कीट प्रबंधन के महत्व को बताते हुए रासायनिक दवाओं के संतुलित एवं सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया। वहीं डॉ. रोहित ने उद्यानिकी फसलों की उच्च उत्पादक किस्मों के चयन एवं उनके लाभों की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरएस गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00041 सिरगिटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526400109100123
**ईश्तहार**
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम सिरगिटी के वर्तमान भूमिस्वामी कातिकराम पिता लटीराम पिता/पति- पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 584/4 (0.1380) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजू जायसवाल पिता/ पति - भुवन लाल पता- सिरगिट्टी के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2026 को जारी किया जाता है।
**अतिरिक्त तहसीलदार:**
**GARIMA THAKUR**
**बिलासपुर**

**आम सूचना**
एतद द्वारा सर्व साधारण/आम जनता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपने आसामी श्री जितेन्द्र कुमार जायसवाल पिता श्री जुगल किशोर जायसवाल उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड क्रं.03 पुरानी बस्ती कोरबा टाउन जिला कोरबा छ.ग. हाल मुकाम ग्राम मेलनाडीह थाना व तहसील रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित होकर मैं इस आम सूचना का प्रकाशन करता हूं कि मौजा ग्राम रतनपुर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं व तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) में भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 6489/46 में से रकबा 0. 20 डिस्मिल है जो पंकज जायसवाल पिता स्व.श्री केदारनाथ जायसवाल निवासी सांधीपारा रतनपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि को मेरे आसामी द्वारा कय करने का पक्का सौदा भूस्वामी से किया गया है, एवं यथा शीघ्र उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन मेरे आसामी के पक्ष में किया जाना है।
अतएव सर्व साधारण आम जनता, शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक, सहकारी संस्थाएं या अन्य किसी ब्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे निम्न वर्णित कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे आसामी पर बंधनकारी नही होगी।
**अतएव आम सूचना से अवगत होवें ।**
**गौरीशंकर क्षत्रवाणी (अधिवक्ता)**
**रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.न.- 7000667063**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**// आम सूचना //**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-1028, मूल आबंटी श्रीमती बबीता सिंह,** को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक **08.03.2011** को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक **25.05.2023** को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्री आकर्ष कश्यप पिता श्री जलेश्वर कश्यप,** को नामांतरण करना चाहता है। नामांतरण अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय / अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यदि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 02/02/2026
ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा स्थित भूमि खसरा नंबर 321/1 रकबा 0.0630 हे. भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदिका श्रीमती रेखा कश्यप पति श्री रतन कश्यप निवासी माता चौरा के पास कुदुदण्ड बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/02/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जमीन विक्रेता सुरेश धीवर, उम्र 45 वर्ष पिता जीवन लाल धीवर, निवासी सैदा बिलासपुर छ.ग. तथा क्रेता संतोष उपाध्याय, उम्र 70 वर्ष, पिता बी पी उपाध्याय, निवासी सैदा जिला बिलासपुर छ. ग. का है। यह कि जमीन विक्रेता सुरेश धीवर, उम्र 45 वर्ष पिता जीवन लाल धीवर, निवासी सैदा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने हक़ व स्वामित्व कि भूमि मोजा सैदा खसरा नं 153/1 तहसील सकरी में स्थित 30 डिसमिल भूमि को क्रेता संतोष उपाध्याय, उम्र 70 वर्ष, पिता बी पी उपाध्याय, निवासी सैदा जिला बिलासपुर छ. ग. को बेचने के लिए सौदा तय हुआ है।
यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक संकाय को उक्त सौदे में किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह नीचे दिए गए पते पर आम सूचना प्रकाशन की तिथि 13.02.2026 से 07 दिवस की भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराये इसके पश्चात की गई आपत्ति अमान्य एवं शुन्य मानी जावेगी।
सो सूचना जाने
**शुभोजीत मजुमदार**
**अधिवक्ता**
**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय**
**निवासी राधेश्याम अपार्टमेंट श्रीकांत वर्मा मार्ग फ्लैट नं 204 बिलासपुर**
**छ.ग. मो. 9589571858**


**न्यायालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर, संभाग बिलासपुर (छ.ग.) कलेक्ट्रेट के सामने पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर (छ.ग.)**
(समक्ष पीठासीन अधिकारी बसंत कुमार, संयुक्त पंजीयक)
प्रकरण क्रमांक-78(1)/78/2021
श्रीमती उषा चंद्राकर, पति श्री आर.एल चंद्राकर 27 खोली, विकास नगर चर्च रोड बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
..............अपीलार्थी
विरूद्ध
1. छत्तीसगढ़ गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. बिलासपुर पं.क्र-45/83 जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अध्यक्ष कार्या-इन्दुचौक जरहाभाटा बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती सावित्री सिंह यादव पति श्री राजेन्द्र सिंह यादव निवासी नंद विहार कालोनी मुंगेली रोड मंगला बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. श्री राजेन्द्र सिंह यादव पिता श्री ओमप्रकाश सिंह यादव निवासी नंद विहार कालोनी मुंगेली रोड मंगला बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ....उत्तरवादी
अपीलार्थी द्वारा न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 303/64/2018 में पारित आदेश दिनांक 25.01.2021 के विरूद्ध इस न्यायालय में छ.ग. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 78 (1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है।
प्रकरण में उत्तरवादीगण को सूचना पत्र/ नोटिस की तामिली नही हो सकी है जिसके कारण प्रकरण में विलम्ब कारित हो रहा है।
अत: इस समाचार पत्र के द्वारा आम सूचना प्रकाशित की जा रही है कि उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 12.03. 2026 को समय 3:00 बजे नियत की गई है। पक्षकार इस न्यायालय में स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखते हुए न्यायालयीन कार्यवाही में भाग ले सकते है।
अनुपस्थिति की स्थिति में न्यायालय द्वारा आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी। यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 12.03.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।
यह आदेश आज दिनांक 29/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक :- 29/01/2026
स्थान :- बिलासपुर।
पीठासीन अधिकारी

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## दिनभर जलाभिषेक व भंडारा

शहर के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि पर विशाल पूजन व भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भोलेनाथ का पूजन कर भंडारा का वितरण किया जाएगा। शिव मंदिर के पूजारी पंडित अशोक मिश्रा ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान को 56 भोग चढ़ाया जाएगा जिसके पश्चात यह प्रसाद सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा।



# महाशिवरात्रि पर होंगे विभिन्न आयोजन निकलेगी शिव बारात, होगा जगराता



फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व इस बार 15 फरवरी को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि को पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शुक्रादित्य योग और श्रवण नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है। शहर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त महादेव के पर्व को उत्साह से मनाने जुटे हुए हैं।

**बिलासपुर**। पूजा, व्रत, साधना और शिव आराधना के लिए अत्यंत श्रेष्ठ रहेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित जागेश्वर अवस्थी के अनुसार चतुर्दशी तिथि का आरंभ 15 फरवरी को शाम 3.59 बजे पर होगा, जो 16 फरवरी शाम 4 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। मंदिरों व विभिन्न संस्थाओं द्वारा महाशिवरात्रि पर शहर में कई अयोजन किए जा रहे है। मंदिरों में सुबह से जलाभिषेक व पूजन प्रारंभ होगा जो दिनभर चलेगा। वहीं मध्यनगरी अष्टमुखी मंदिर में विशेष भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। लक्की चंदन समिति द्वारा बाजपेयी ग्राउंड में प्रसिध्द भजन गायिका द्वारा जगराता का आयोजन किया जा रहा है। भगवान भोलेनाथ की बारात शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकाली जाएगी।

### रक्तदान शिविर होगा

लक्की चंदन समिति के द्वारा हर वर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजन किया जाता है,इस बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान कर शिविर का लाभ उठाएंगे। आयोजक आशीष साहू ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा दान कहा गया है,इस शुभ दिन पर विशाल रक्तदान किया जाएगा इसके साथ ही रात्रि के भव्य जगराता भी होगा।

एजुकेशन

## फिजिक्स में डायग्राम, ग्राफ और यूनिट्स की करें पढ़ाई



**बिलासपुर**। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए डायग्राम, ग्राफ और यूनिट्स के लिहाज से पढ़ाई करें। इसके विशेष महत्व को भी समझें। उत्तर पुस्तिका में साफ, स्पष्ट और सही लेबल वाले डायग्राम प्रस्तुत करने से उत्तर भी प्रभावी बनते हैं। संख्यात्मक प्रश्नों में सभी स्टेप्स लिखना आवश्यक है, ताकि पूर्ण अंक प्राप्त किए जा सकें।

फिजिक्स की शिक्षिका निदा सुल्तान ने 12वीं फिजिक्स की प्रभावी तैयारी को लेकर छात्रों को परीक्षा के लिए उपयोगी जानकारी दी। बुधवार को शिक्षिका ने कहा कि 12वीं फिजिक्स कॉन्सेप्ट आधारित विषय है, इसलिए सभी अध्याय को एक साथ पढ़ने की बजाय टॉपिक के अनुसार अध्ययन करना अधिक उपयोगी होगा।

पहले मूल अवधारणाओं, नियमों और सूत्रों को अच्छी तरह समझना चाहिए। इसके बाद संख्यात्मक प्रश्नों का नियमित अभ्यास करना कारगर होगा।

### रिवीजन, सैंपल पेपर और मॉक टेस्ट का अभ्यास करें

उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। निदा ने कहा कि प्रतिदिन एक निश्चित समय पर फिजिक्स का अध्ययन करें, कठिन टॉपिक्स को छोटे भागों में बांटकर पढ़ें। उनके शॉर्ट नोट्स और फॉर्मूला शीट अलग से तैयार करना फायदेमंद होगा। नियमित रिवीजन, सैंपल पेपर और मॉक टेस्ट का अभ्यास करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। सुनियोजित और निरंतर तैयारी से 12वीं फिजिक्स बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए दृढ इच्छा शक्ति और तय समय पर रिवीजन करने से सफलता सुनिश्चित होगी।



## विजया एकादशी आज, व्रत रख करेंगी पूजन

**बिलासपुर**। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी शुक्रवार को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत एवं विधिपूर्वक पूजा करने से साधक को प्रत्येक कार्य में विजय प्राप्त होती है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पंडित जागेश्वर अवसथी ने बताया कि विजया एकादशी का व्रत विशेष रूप से सफलता, बाधा निवारण और मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है। पद्म पुराण के अनुसार स्वयं महादेव ने नारद को उपदेश देते हुए कहा था कि, एकादशी महान पुण्य देने वाली होती है।

पंडित अवस्थी ने कहा कि जो मनुष्य विजया एकादशी का व्रत रखता है उसके पितृ और पूर्वज कुयोनि को त्याग स्वर्ग लोक जाते हैं। साथ ही व्रती को हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है। पूर्व जन्म से लेकर इस जन्म के पापों से मुक्ति मिलती है।



विजया एकादशी व्रत कथा ऐसा कहा जाता है कि त्रेतायुग में जब भगवान श्री रामलंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र तट पर पहुँचे, तब मर्यादा पुरुषोत्तम ने समुद्र देवता से मार्ग देने की प्रार्थना की परन्तु समुद्र देव ने श्री राम वकदालभ्य मुनि की आज्ञा के अनुसार विजय एकादशी का व्रत विधि पूर्वक किया। जिसके प्रभाव से समुद्र ने प्रभु राम को मार्ग प्रदान किया। इसके साथ ही विजया एकादशी का व्रत रावण पर विजय प्रदान कराने में सहायक सिद्ध हुआ और तभी से इस तिथि को विजया एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसे करे पूजन एकादशी से एक दिन पूर्व एक वेदी बनाकर उस पर सप्त धान्य रखें सोने, चांदी, तांबे अथवा मिट्टी का कलश उस पर स्थापित करें। एकादशी के दिन प्रातः स्नान कर व्रत का संकल्प लें पंचपल्लव कलश में रखकर भगवान विष्णु की मूर्ति की स्थापना करें। धूप, दीप, चंदन, फल, फूल व तुलसी आदि से श्री हरि की पूजा करें। उपवास के साथ-साथ भगवन कथा का पाठ व श्रवण करें रात्रि में श्री हरि के नाम का ही भजन कीर्तन करते हुए जगराता करें द्वादशी के दिन ब्राह्मणों को भोजन आदि करवाएं व कलश को दान कर दें तत्पश्चात व्रत का पारण करें।



## बिलासपुर में गूंजेगा स्वराज का स्वर ‘जाणता राजा’ का भव्य मंचन आज से

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के तत्वावधान में शिवाजी महाराज पर केंद्रित भव्य महा नाट्य का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक पुलिस मैदान बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। महानतय के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित विधायक अमर अग्रवाल, धरम लाल कौशिक, सुशांत शुक्ला मौजूद रहेंगे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर आधारित भव्य महानाट्य

राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और साहस के जीवंत प्रतीक हैं। स्वराज के संस्थापक शिवाजी महाराज के अद्वितीय जीवन, संघर्ष और जनकल्याण की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत करने वाला विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक महानाट्य “जाणता राजा” बिलासपुर की धरती पर 13 से 15 फरवरी तक मंचित होने जा रहा है। “जाणता राजा” केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि स्वराज, शौर्य, न्याय और जनभावना का सशक्त संगम है। यह मंचन दर्शकों को शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और सामाजिक एकता का संदेश देता है। भव्य सेट, सजीव दृश्यांकन और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से यह महानाट्य बच्चों में संस्कार, युवाओं में दिशा और समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करता है। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग ने समाज के सभी वर्गो ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों, महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठजनों, श्रमिकों, किसानों एवं व्यापारियो से सपरिवार इस ऐतिहासिक प्रस्तुति में शामिल होकर इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हर उस व्यक्ति की प्रेरणा हैं, जो न्याय, स्वाभिमान और जनकल्याण में विश्वास रखता है। “जाणता राजा” उनके विचारों को केवल प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि उन्हें आत्मसात करने का अवसर देता है। उन्होंने बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ की जनता से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनें।

कार्यक्रम

## रीजन फोर की संयुक्त रीजन एवं जोन मीट हुई



**बिलासपुर**। लायंस इंटरनेशनल संयुक्त रीजन स्टॉफ व जोन मीट का आयोजन किया गया। रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार एवं जोन वन से चेयर पर्सन श्वेता शास्त्री, जोन 2 से जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, जोन 3 से आराधना दास की जोन मीट रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सुरेखा कौशिक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा डॉ भूपेंद्र कौशिक, प्रकाश सोनथालिया, सुरेश साहू रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार ने की कार्यक्रम का संचालन रीजन सचिव लायन अर्चना तिवारी ने किया। ध्वज वंदना के साथ आरसी एवं जेडसी ने सभा प्रारंभ की घोषणा की रीजन फोर के अंतर्गत आने वाले समस्त क्लब वसुंधरा, मिडटाउन, शक्ति, प्राइड, ज्योत्सना, केयर , हेल्थ केयर, स्माइल,वरदान, संकल्प, मस्तूरी, श्रीजन, कैपिटल, सभी क्लब के पदाधिकारी आदि सभी सदस्य उपस्थित हुए। तीनों जोन चेयरपर्सन ने अपने-अपने क्लब की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार ने अपने उद्बोधन में समस्त क्लब के मेंबरशिप ग्रोथ, एमजेएफ, क्लब एक्सीलेंस अवॉर्ड, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट, मेंटल हेल्थ रोड सेफ्टी एवं हंगर एक्टिविटी की जानकारी दी और रीजन से ही श्रेष्ठ क्लबो को सम्मानित भी किया गया। जिसमें लायंस क्लब वसुंधरा, मिड टाउन, शक्ति, ज्योत्स्ना, स्माइल, कैपिटल, वरदान प्राइड सभी को आकर्षक उपहार दिए गए।

## महर्षि दयानंद सरस्वती सत्य, वेद और सामाजिक जागरण के अमर प्रवक्ता

**बिलासपुर**। भारत की महान संत-परंपरा में महर्षि दयानंद सरस्वती का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे केवल एक संन्यासी या धार्मिक सुधारक ही नहीं, बल्कि एक महान चिंतक, समाज सुधारक, शिक्षाविद और राष्ट्रजागरण के अग्रदूत थे। उनके विचारों और कार्यों ने भारतीय समाज को अंधविश्वास, कुरीतियों और सामाजिक बंधनों से मुक्त कराने की दिशा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके जीवन और योगदान को स्मरण करते हुए आर्य समाज गोंड़पारा के द्वारा दयानंद जयंती पावन उत्सव के उपलक्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन दयानंद चौक सरकंडा में किया गया है। जिसमें यज्ञ भजन तथा प्रवचन के रूप में इस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य मनीष शास्त्री ने वेद मंत्रों से निर्विघ्न यज्ञ संपन्न करवाया। इस यज्ञ का मुख्य यजमान अशोकनगर के पार्षद रेखा पांडे, ओमप्रकाश पांडे ने मुख्य यजमान बनाकर के यज्ञ वेदी की शोभा बढ़ाई। यज्ञ समापन के पश्चात सुधीर गुप्ता ने ऋषि दयानंद का भजन सुनाया और ज्योतिर्मय आर्य ने भी एक सुंदर ऋषि भजन सुनाया तत्पश्चात शैली गुप्ता, निधि गुप्ता ने ऋषि भजन सुना करके लोगों को भाव विभोर कर दिए। तत्पश्चात ऋषि प्रसाद का वितरण हुआ। आचार्य मनीष शास्त्री ने अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि भारत में स्वतंत्रता के विगुल बजाने वाले प्रथम महापुरुष महर्षि दयानंद सरस्वती थे। उनके पदचिन्हों पर चलकर के हम सभी अपने जीवन को कृतार्थ करें। ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।



स्पोर्ट्स न्यूज

## हॉकी सेमीफाइनल: रायपुर की टीम जीती



**बिलासपुर**। यूथ कप 2026 स्वर्गीय मिर्जा हसन बेग की स्मृति में आयोजित में राज्य स्तरीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता में शानदार तीन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा फ्रेशर्स क्लब बिलासपुर और रायपुर हॉकी के मध्य खेला गया। दोनों टीम निर्धारित समय तक दो-दो गोल की बराबरी पर थी।

मैच का निर्णय प्लांटी स्ट्रोक के माध्यम से लिया गया, जिसमें रायपुर हॉकी 6-4 से विजय होकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच जांजगीर हॉकी और रायगढ़ हॉकी के मध्य खेला गया। दोनों टीम शानदार खेल का प्रदर्शन किया। बहुत अच्छा मैदानी गोल करते हुए दोनों टीम ने खेल का प्रदर्शन किया। आखिरी में जांजगीर हाकी कांटे के मुकाबले 7-5 गोल से विजय होकर सेमीफाइनल में पहुंची। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच राजनांदगांव हॉकी और दुर्ग हॉकी के मध्य खेला गया। उतार-चढ़ाव के मध्य राजनांदगांव हॉकी ने दुर्ग को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, सुनील मिश्रा, खालिद खान, वीरेन्द्र नामदेव, आयोजन सचिव सैय्यद इखलाक खान सहित खिलाड़ी मौजूद थे थे। शुक्रवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच दोपहर दो बजे राजनांदगांव हॉकी और जांजगीर के बीच और दूसरा सेमीफाइनल मैच हॉकी संघ बिलासपुर और रायपुर हॉकी के बीच होगा।

### रोमांचक मैच में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की जीत

## रेलवे अंतर विभागीय खेल में इलेक्ट्रिकल विभाग जीता

रेलवे के नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में आयोजित अंतर विभागीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, में किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में फुटबॉल, शतरंज, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कैरम, तैराकी, बेडमिंटन, एथेलेटिक्स और टेबल टेनिस खेलों का पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आयोजन 15 फरवरी तक चलेगा। खेल महोत्सव के आठवें दिन फुटबॉल का प्रथम मैच एस एड टी कंस्ट्रक्शन विभाग और इलेक्ट्रिकल विभाग के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह मैच इलेक्ट्रिकल विभाग ने 1- 0 के स्कोर से जीत लिया। इस मैच में इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रदीप मिंज ने 1 गोल किया। एवं इस मैच के मेन आफ द मैच बने। दूसरा मैच इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं इंजीनियरिंग विभाग के मध्य खेला गया। इंजीनियरिंग विभाग ने यह मैच 4- 0 से जीत लिया। इस मैच में इंजीनियरिंग विभाग के सुदर्शन प्रमाणिक ने शानदार 2 गोल किया, जगिया ने 1 गोल किया तथा मोहन प्रसाद ने 1 गोल किए एवं इस मैंच के मेन आफ द मैंच मोहन प्रसाद बने। टीम का बहुत अच्छा तालमेल होने से टीम को पूरा फायदा और सफलता प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता अपने अंतिम दौर मे पहुँच रही हैं। इन रोमांचक मैचों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। इस मैच के निर्णायक एन दिनेश कुमार, एडमन सतुर, मुकेश तथा श्री शेख सलीम रहे हैं।





## माँ महामाया इलेवन ने जीता मैच

यादव प्रीमियर लीग का शानदार सीजन का आठवा दिन पर पहला मैच महामाया इलेवन बनाम रूद्र इलेवन के मध्य खेला गया।जिसमे माँ महामाया ने जीत हासिल किया। दूसरा मैच महाकाल बनाम द्वारिका धीश के मध्य खेला गया जिसमें द्वारिका धीश ने शानदार जीत हासिल किया। तीसरा मैच नगर निगम और पुलिस के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस की टीम ने मैच जीता। इस कार्यक्रम मुख्य अथिति युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, समाज सेवी प्रवीण झा,जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप, रमन छाबड़ा,पुलकित अग्रवाल, विक्रांत केशरवानी, जागेस्वर यादव, सुमित्रा यादव, सुमन, सरोजनी, चंचल कुशुवाहा, वंदना तिवारी, मयंक सिंह गौतम मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालक शैलेन्द्र यादव, शरद यादव, विजय यादव, दीपक यादव, छोटू यादव, आकाश यादव व समस्त कृष्ण सेना यादव समाज उपस्थित थे।

## सॉफ्टबाल टीम ने नेशनल में जीता गोल्ड मेडल



छत्तीसगढ़ सॉफ्टबाल संघ के खिलाड़ी लगातार नेशनल में चैम्पियन हो रहे हैं। इस बार पुरुष से महिला वर्ग दोनों में गोल्ड जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए टीम ने इतिहास बनाया है। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, महासचिव ओपी शर्मा, जसपाल सिंह, मृत्युंजय शर्मा एवं प्रशिक्षक द्वारा खिलाड़ियों के लिए लगातार अभ्यास की व्यवस्था की जा रही है। इसका परिणाम यह है कि छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल टीम लगातार उपलब्धि हासिल कर रही है। नेशनल चैंपियनशिप जीतने के बाद बिलासपुर में महिला एवं पुरुष टीम का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुशील मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ, अमरनाथ सिंह महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, हेमंत सिंह परिहार, यशु जायसवाल, अख्तर खान, मुकेश कश्यप, टी रमेश बाबू, विनय सिंह सहित खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर नकद रकम चोरी

**बिलासपुर।** किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 38 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, ग्राम खैरा निवासी दिनेश कुमार साहू पिता बुधराम साहू घर के सामने थोक व चिल्हर किराना दुकान चलाते हैं। 10 फरवरी की रात 9 बजे दुकान बंदकर घर चले गए थे। 11 फरवरी की सुबह 6.30 बजे दुकान खोलकर अंदर गए तो पीछे के दरवाजे का ताला टूटा था और गल्ले से 38 हजार रुपए चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### उधारी मांगने पर युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** उधार की रकम वापस मांगने पर दो भाइयों ने युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा बल्हारी चौक निवासी संतोष साहू पिता कलीराम साहू 12 फरवरी को सुबह 8.30 बजे पड़ोसी प्रकाश बुनकर, आकाश बुनकर से उधार में दिए 300 रुपए वापस मांगे। इस पर दोनों भाइयों ने हम लोग भाग जाएंगे कहते हुए लाठी हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने संतोष की रिपोर्ट पर दोनों भाईयों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कुदूदण्ड, मंगला क्षेत्र में नशेड़ियों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** पुलिस ने कुदूदण्ड, मंगला बस्ती पैदल गश्त कर नशेड़ियों के अड्डा में दबिश देकर नशा करने वालों को पकड़ा। वहीं दर्जन भर नशेड़ियों के खिलाफ आबकारी अधनियम के तहत कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन थाना के कुदूदण्ड क्षेत्र बीट प्रभारी आरक्षक को नशेड़ियों के द्वारा आए हंगामा मचाने की शिकायत मिली। उसके बाद सिविल लाइन पुलिस, एसीसीयू की टीम ने कुदूदण्ड, मंगला बस्ती के मुख्य मार्ग, गलियों में नशेड़ियों को पकड़ा। पुलिस की कार्रवाई से नशेड़ियों में हड़कंप मचा हुआ था। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 1 दर्जन नशेड़ियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

**बिल देख उड़े नगर निगम के अधिकारियों के होश** | **5 से 15 एचपी के कनेक्शनों में भी लाखों की बिलिंग**

# स्मार्ट मीटर के बिल से थर्राया नगर निगम, मामला पहुंचा शिकायत निवारण फोरम

**बिलासपुर।** आम आदमी के साथ ही अब नगर निगम भी स्मार्ट मीटर के बिलिंग से परेशान हो चुका है। पंप कनेक्शनों के लिए लगाए गए मीटर की बिलिंग लाखों में हो रही है, जिसके चलते नगर निगम को झटके लगना लाजिमी है। ऐसे में नगर निगम ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पहुंच चुका है। जहां शहर के 20 से अधिक क्षेत्रों के पंप कनेक्शनो में पिछले महीने की गई बिलिंग की शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की सुनवाई शुरू हो चुकी है। शहर में लगाए गए पंप कनेक्शन के स्मार्ट मीटर द्वारा अनाप शनाप बिलिंग से नगर निगम के अधिकारी थर्रा उठे हैं। दरअसल मोहल्ले और कालोनियों ने में पंप कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाए




गए हैं। पूर्व में सामान्य मीटर पर महज हजार रूपए के बिल जनरेट किए जाते रहे हैं, लेकिन स्मार्ट मीटर के लगने के बाद कई जगहों पर लाखों रूपए की बिलिंग की जा रही है। पंप कनेक्शनों के बिजली बिल देख निगम के अधिकारियों का माथा ठनक चुका है, अधिकारियों का कहना है कि कई पंप कनेक्शन महज 2-2 घंटे के लिए ही चलाए जाते हैं, लेकिन इसमें की गई बिलिंग इतनी अधिक हो चुकी है कि 24 घंटे भी पंप चलाने पर भी यूनिट खर्च नहीं होगी लेकिन करीब 20 से अधिक ऐसे मामले सामने आए है जिसमें प्रतिदिन 175 से अधिक की यूनिट जल रही है। जिससे स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर निगम के अधिकारियों को गफलत की आशंका नजर आ रही है। यही कारण है कि बिजली बिल में आए भारी भरकम बिल को लेकर नगर निगम के अधिकारी अब बिजली विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम जा पहुंचे हैं।

### आम लोगों की भी जेब हो रही ढीली

नगर निगम भले ही पंप कनेक्शनों की बिलिंग की गड़बड़ी की शिकायत लेकर फोरम जा चुका है लेकिन आम लोगों के घरों के कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर के कारण बिलिंग अधिक होने की शिकायत विभाग को मिल चुकी है। कई लोगों ने फोरम का दरवाजा भी खटखटाया है और फोरम ने स्मार्ट मीटर की कंपनी जीनस को तलब भी किया था।

### शिकायत दर्ज कराई गई

हर महीने बिल का भुगतान किया जाता है, लेकिन कुछ जगहों पर रीडिंग अधिक आने और बिलिंग में 4 गुना बढ़ोत्तरी जैसे मामले सामने आने के बाद हमने शिकायत दर्ज कराई है।

–**निलेश पटेल**, प्रकाश अधिकारी, नगर निगम

### जांच की जा रही है

सभी स्मार्ट मीटरों को लेकर निगम की आपत्ति नहीं है। कुछ जगहों पर उन्होंने अधिक बिल आने की बात कही है, जिसे हमारे द्वारा जांचा जा रहा है। यह मामला इस माह का नहीं है। पूर्व के बिलों को लेकर नगर निगम फोरम जा चुका है।

–**भरत भूषण नेताम**, ईई, विद्युत विभाग

---

**एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर नशे के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई**

# ट्रेन से गांजा लेकर बिक्री करने आया युवक गिरफ्तार, 10 किलो गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन से गांजा लेकर बिक्री करने आए युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में नशे के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नशे का सामान बेचने वाले वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ड्रोन कैमरे से नशेड़ियों के अड्डे में वीडियो बनकार दबिश दे रही है। इसके अलावा पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि ट्रेन से एक युवक शहर आया है और रेलवे स्टेशन से बाहर निकलकर बुधवारी बाजार के पास खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहा है। उसके हाथ में वजनी थैला है। टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाफ के साथ बुधवारी बाजार में घेराबंदी करते हुए बिहार, बेतिया मझबलिया निवासी आमोद प्रसाद बराई पिता मुख्तार भगत बराई 28 साल को पकड़ लिया। थैला खोलकर तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 10 किलो गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## 56 लाख का गांजा जब्त

आरपीएफ ने जोनल स्तर पर आपरेशन नारकोस के तहत अभियान चलाकर 55.68 लाख रुपए का गांजा जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया है।




बोर्ड के आदेश पर आरपीएफ की टीम बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन में आपरेशन नन्हें फरिश्ते, आपरेशन नारकोस सहित अन्य अभियान चला रही है। आपरेशन नन्हें फरिश्ते के अभियान में टीम ने 10 फरवरी तक किए गए रेस्क्यू में 565 लड़के 374 लड़कियां सहित 939 बच्चों को उनके परिवार के सुपुर्द किया है। इसके अलावा नशीले पदार्थो की तस्करी की रोकथाम करने आपरेशन नारकोस के तहत टीम ने पांच मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 55.68 लाख रुपए के 111.365 किलो गांजा जब्त कर कार्रवाई की है।

---

# अपहरण के मामले में डाटा बेचने वाले एसीसीयू के दो आरक्षक हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सीएसपी की जांच में पाई गई संलिप्ता

महासमुंद अपहरण के मामले में आरोपियों को डाटा बेचने वाले एसीसीयू के दो आरक्षकों को एसीसीयू टीम से हटा दिया गया है। इसके अलावा दो एसआई सहित चार अन्य पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है।

राजनांदगांव निवासी अनिश सोनी बिलासपुर में करबला के दो लड़कों के साथ पार्टनरशीप में शेयर ट्रेडिंग का काम कर रहे थे। अनिश सोनी करोड़ो रुपए लेकर भाग गया था। शहर के दोनों लड़के उसे पकड़ने के लिए साइबर के आरक्षक मुकेश वर्मा, विरेन्द्र गंधर्व से संपर्क किया। आरक्षकों ने अनिश सोनी को मोबाइल लोकेशन व डाटा दोनों लड़के को उपलब्ध करा दिया गया था। उसके आधार पर दोनों लड़के महासमुंद के सकरा स्थित लॉज से अनिश सोनी का अपहरण कर लिया गया था।

पिता की शिकायत पर महासमुंद पुलिस ने दोनो युवकों को पकड़कर अनिश को बरामद कर लिया गया था। उस दौरान पूछताछ में पकड़े गए लड़कों ने साइबर सेल लोकेशन व डाटा लेने का खुलासा किया था। तत्कालीन आईजी डा. सजीव शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच करने का आदेश दिया गया था।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह के द्वारा जांच की गई। जांच में दोनों आरक्षकों की संलिप्ता पाई गई है। 12 फरवरी को एसएसपी श्री सिंह ने दोनों आरक्षकों एसीसीयू से हटाकर आरक्षक विरेन्द्र गंधर्व का पचेपड़ी थाना व मुकेश वर्मा का सिविल लाइन सीएसपी आफिस में तबादला किया गया है।

### चार पुलिसकर्मी इधर से उधर

एसएसपी श्री सिंह ने तबादला आदेश जारी करते हुए एसआई गणेशराम महिलांगे का पुलिस लाइन से सकरी, मनोरमा तिवारी का कोनी से सिटी कोतवाली, एएसआई विजय राठौर सकरी से सिटी कोतवाली, आरक्षक प्रेम उपाध्याय का तोरवा से एसपी आफिस स्टेनो शाखा, रमेश साहू को सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय से सिविल लाइन थाना तबादला किया गया है।

---

### आवास योजना को गति देने जिला प्रशासन की पहल

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत तखतपुर की ग्राम पंचायत भरारी में प्रेरणादायक पहल की जा रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल के निर्देश पर यह पहल की जा रही है। सीईओ तखतपुर सत्यव्रत तिवारी और उनकी टीम द्वारा लंबे समय से अप्रारंभ आवासों को शुरू कराने के लिए हितग्राहियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
प्रतिष्ठित समाचार पत्र "हरिभूमि" के लिए
अनुभवी एवं प्रतिभाशाली रिपोर्टर एवं उप-संपादक
की तत्काल आवश्यकता है।
योग्यताएँ :-
1. पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा।
2. किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।
(फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं यदि उनमें बेहतरीन लेखन क्षमता हो)।
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा निम्न पते पर भेजें।
हरिभूमि प्रेस
गौरव पथ, रिंग रोड नं 2 बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401050




# एटीआर के करका में बाघिन ने किया गाय का शिकार




**बिलासपुर।** गुरुवार की सुबह अचानकमार टाइगर रिजर्व के ग्राम करका में अपने दो शावकों के साथ दिखाई दी बाघिन ने गाय का शिकार किया। सूचना मिलते ही प्रबंधन ने तत्काल ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट करने का आदेश जारी कर दिया है।

बाघिन के गाय का शिकार करने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची अधिकारी और कर्मचारियों की टीम ने बाघिन व शावकों के पदचिन्हों से पुष्टि की। वहीं बाघिन व दोनों शावकों की खोजबीन करने के लिए मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगा दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह 8 बजे बाघिन व शावकों को चहलकदमी करते हुए देखा है। पिछले 15 दिन से बाघिन अपने शावकों के साथ माखुरहा



तालाब के पास पानी पीने के लिए चहलकदम करते हुए दिखाई दी। ग्राम करका के आसपास बाघिन व दो शावकों के मूवमेंट होने की पुष्टि के बाद वन विभाग व एटीआर के अधिकारी-कर्मचारियों ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने का आदेश दिया है।

# सुअर के लिए बिछाए जाल में फंसा तेंदुआ घायल, शिकारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शिकारी ने सुअर को पकड़ने के लिए करंट का तार लगाया था, लेकिन उसमें तेंदुआ फंसकर घायल हो गया। सूचना मिलते ही कानन पेण्डारी जू से रेस्क्यू टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तेंदुआ का प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाने का काम किया।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त के पाली रेंज के लाफा जंगल में जंगली सुअर को पकड़ने के लिए तार का फंदा लगाया गया था। इस तार में सुअर के बजाय एक तेंदुआ फंस गया। तार की करंट में झुलसकर तेंदुआ बुरी तरह से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही कानन पेण्डारी जू से वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन व उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से अनुमति लेने के बाद देर रात एक बजे ट्रैंक्यूलाइजर गन से सुअर को बेहोश किया गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने तेंदुए को सुरक्षित फंदे से बाहर निकाला। तेंदुए के पेट और पिछले हिस्से में काफी चोट पहुंची। घायल तेंदुए को रेस्क्यू वाहन से कानन पेण्डारी जू में लाकर उपचार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन मंडल ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वायड की मदद ली। डॉग स्क्वायड की नीतू नगोई भाठा पहुंची, जहां निवासी विजय कुमार गोंड के घर तलाशी के दौरान शिकार में उपयोग किए गए तार व फंदे बरामद हुए। आरोपी ने सुअर के शिकार की बात स्वीकार की। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

